दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

- महिलाओं से लेकर युवाओं के लिए योजनाओं की शुरुआत
- पीएम मित्र पार्क की नींव भी रखी



## पीएम मोदी का महाराष्ट्र दौरा

# महाराष्ट्र जीतने का फॉर्मूला

अमित बृज । मुंबई/वर्धा

प्रधानमंत्री ने वर्धा में आयोजित एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार की आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना की शुरुआत की। पीएम मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले 'स्टार्टअप' को समर्थन देने के लिए महाराष्ट्र सरकार की पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर महिला स्टार्टअप योजना की शुरुआत की। उन्होंने अमरावती में 1,000 एकड़ के 'पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल' (पीएम मित्र) पार्क की भी आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने वर्धा में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय 'पीएम विश्वकर्मा' योजना का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। इससे पहले पीएम मोदी ने राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी का दौरा किया तथा योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और ऋण वितरित किए। प्रधानमंत्री ने 18 ट्रेडों के तहत 18 लाभार्थियों को योजना के तहत ऋण वितरित किए।



### PM मोदी ने विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट बांटे

पीएम मोदी ने विश्वकर्मा योजना के एक लाख लाभार्थियों को ऑनलाइन स्किल प्रमाण पत्र बांटे। 75 हजार लाभार्थियों को लोन बांटे। पीएम ने आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना का भी शुभारंभ किया। इसके जरिए 15 से 45 साल के युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। राज्य में करीब डेढ़ लाख युवाओं को हर साल मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण मिलेगा। महाराष्ट्र CM एकनाथ शिंदे, डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### मोदी की स्पीच की 4 बड़ी बातें...

**गणपति उत्सव पर**

पीएम मोदी ने कहा- जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। लेकिन आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। दरअसल पीएम मोदी CJI डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजन करने गए थे। जिसका विपक्ष ने विरोध किया था।

**किसानों को लेकर**

PM ने कहा- महाराष्ट्र में दशकों तक कांग्रेस और बाद में महा विकास अघाड़ी सरकार ने कपास को महाराष्ट्र के किसानों की ताकत बनाने के बजाय उन्हें बदहाली में धकेला, किसानों के नाम पर राजनीति की और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। 2014 में जब देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनी तो अमरावती में टेक्सटाइल पार्क का काम शुरू हुआ।

**दलितों-पिछड़ों पर**

कांग्रेस और उसके मित्रों ने जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी व्यवस्था से कांग्रेस की इस दलित-विरोधी और पिछड़ा-विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय विश्वकर्मा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

**पाकिस्तान के बयान पर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ये वो कांग्रेस है जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। आज देश की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कांग्रेस का शाही परिवार है। ये लोग विदेशी धरती से एजेंडे चलाते हैं।

### महाराष्ट्र में पीएम मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला

महाराष्ट्र के वर्धा में प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ के मौके पर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस को सबसे भ्रष्ट पार्टी कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को गणपति पूजा से भी नफरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं गणेश पूजा में चला गया तो कांग्रेस को तकलीफ होने लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी दौरान बिना नाम लिये राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोगों की भाषा, उनकी बोली, विदेशी धरती पर जाकर देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना इनकी नई पहचान है।

### दोपहर एक्सप्लेनर

पीएम मोदी एक महीने के भीतर तीसरी बार महाराष्ट्र आए। पीएम मोदी के बाद गृह मंत्री अमित शाह के विदर्भ दौरे का भी कार्यक्रम है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का यह विदर्भ दौरा महाराष्ट्र चुनाव के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाले गठबंधन ने लीड ली थी लेकिन हालिया चुनाव में विपक्षी महा विकास अघाड़ी को अपरहैंड मिला था। ऐसे में पार्टी इस झटके से उबर विधानसभा चुनाव में किसी भी मोर्चे पर कोई ढील नहीं छोड़ना चाहती और शायद यही वजह है कि पार्टी एक तरफ जहां पीएम मोदी को मैदान में उतार जनता के बीच माहौल बनाने की कोशिश में जुट गई है तो दूसरी तरफ अमित शाह जैसे कुशल संगठनकर्ता और रणनीतिकार को मोर्चे पर लाकर संगठन के पेच कसने में भी।

IT एक्ट में संशोधन लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन: बॉम्बे हाईकोर्ट

# मोदी सरकार को बड़ा झटका

दीपक पवार । मुंबई

केंद्र सरकार फैक्ट चेक यूनिट नहीं बना सकेगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को IT एक्ट में किए गए संशोधन को असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि IT एक्ट में संशोधन जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 2023 में IT नियमों में संशोधन किया था। सरकार इसके जरिए सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर झूठी या फर्जी खबरों की पहचान करने के लिए फैक्ट चेक यूनिट (FCU) बना सकती थी। बॉम्बे हाईकोर्ट के टाईब्रेकर जज ने सुनाया फैसला जनवरी 2024 में बेंच में शामिल दो जजों जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस नीला न्यायमूर्ति ने अलग-अलग फैसला दिया था। इसके बाद यह केस टाईब्रेकर जज जस्टिस एएस चंदुरकर के पास भेजा गया था। जस्टिस चंदुरकर ने कहा, 'मेरा मानना है कि ये संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19 का उल्लंघन करता है।' जब दो जजों के फैसले पर अलग-अलग मत होते हैं तब इसे टाईब्रेकर जज के पास भेजा जाता है।




### जस्टिस पटेल और जस्टिस गोखले ने क्या कहा था ?

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस गौतम पटेल ने नियमों को खारिज कर दिया था। वहीं, जस्टिस गोखले ने नियमों को बरकरार रखा था। जस्टिस पटेल ने कहा था कि नियम सेंसरशिप के समान है, लेकिन जस्टिस गोखले ने कहा था कि इनका तर्क के मुताबिक फ्री स्पीच पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। कॉमेडियन कुणाल कामरा और एडिटर्स गिल्ड ने लगाई याचिका IT नियमों में संशोधन के खिलाफ कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन ने सबसे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें तीन रूल को चुनौती दी गई थी। ये रूल केंद्र सरकार को झूठी ऑनलाइन खबरों की पहचान करने के लिए FCU बनाने का अधिकार देते हैं। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने ये भी कहा था कि फेक न्यूज तय करने की शक्तियां पूरी तरह से सरकार के हाथ में होना प्रेस की आजादी के विरोध में है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि ये संशोधन सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 19(1)(a)(g) (कोई भी पेशा अपनाने, या कोई व्यवसाय, व्यापार या कारोबार करने की स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है।

### 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने फैक्ट चेक यूनिट बनाने पर रोक लगाई

केंद्र सरकार ने 20 मार्च 2024 को फैक्ट चेक यूनिट बनाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। 21 मार्च को इस नोटिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। ये रोक तब तक के लिए लगाई थी, जब तक बॉम्बे हाईकोर्ट इस मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई ना कर ले। कोर्ट ने कहा था कि ये अभिव्यक्ति की आजादी का मामला है। केंद्र सरकार ने 20 मार्च को अधिसूचना जारी की थी। इसमें कहा गया था कि फैक्ट चेक यूनिट सरकार की तरफ से फैक्ट चेक करने का काम करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएनएस विक्रांत नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल

**मुंबई।** स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल हो गया है। इससे अरब सागर में भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ेगी। पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय नौसेना के पास दो विमानवाहक पोत हो गए हैं। आईएनएस विक्रमादित्य भी पश्चिमी नौसेना के बेड़े में शामिल है। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना की 'स्वोर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और पहुंच का अहम विस्तार है।

### नाबालिग पीड़िता के मामले पर सुनवाई

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदेश में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की दुराचार पीड़ित बच्चियों के परिजन को दिए गए हर्जाने की जानकारी राज्य सरकार से मांगी। यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में मजिस्ट्रेट के समक्ष 4 दिन में पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए दिशा-निर्देश भी अदालत ने जारी किया है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ के समक्ष साकीनाका की दुराचार पीड़िता के परिवार की ओर से वकील अमित कटरनवरे और वकील पूजा डोंगरे की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील कटरनवरे ने कोर्ट को बताया कि पीड़ित बच्ची के परिवार को हर्जाने के रूप में 3 लाख रुपए की रकम नहीं मिली है।

### श्मशान भूमि में लकड़ी की बजाय गोकाष्ठ के इस्तेमाल पर अध्ययन के लिए समिति

**नवी मुंबई।** प्रदेश के महानगर पालिका और नगर पालिका क्षेत्र की श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी के बजाय गोकाष्ठ के इस्तेमाल के लिए अध्ययन समिति गठित की गई है। गोबर से तैयार लकड़ी को गोकाष्ठ कहा जाता है। राज्य सरकार ने नवी मुंबई के बेलापुर स्थित नगर परिषद प्रशासन निदेशालय के आयुक्त तथा निदेशक मनोज रानडे की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है।

## सरकार मराठी लोगों को वापस मुंबई लाने के लिए प्रतिबद्ध

शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दिया आश्वासन

धीरज सिंह । मुंबई

रुकी हुई पुनर्विकास परियोजना की समस्याओं को दूर किया जाएगा और आवास की समस्या का समाधान किया जाएगा और मुंबई से दूर रहने वाले लाखों लोगों को उनके हक का घर देकर वापस मुंबई लाया जाएगा, ऐसा आश्वासन शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दिया। जनसंवाद यात्रा के तीसरे चरण में सांसद डॉ. शिंदे ने उत्तर-पश्चिम और उत्तर मुंबई के विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा की। उस मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वह बोल रहे थे।

### अब तक सरकार ने 227 एसआरए परियोजनाएं शुरू की



सांसद डॉ. शिंदे जी ने कहा कि मागाठाणे में घरों की समस्या बड़ी है और यहां 'एमएमआरडीए' और 'एसआरए' ने मिलकर योजना शुरू की है। साथ ही एमएमआरडीए और एसआरए के सहयोग से माता रमाबाई अंबेडकर नगर और कामराज नगर झुग्गी बस्तियों का पुनर्वास किया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में एसआरए में भ्रष्टाचार हुआ है, कुछ जेल में हैं और कई बिल्डर फरार हैं। इस कारण यहां के लोगों को उनके हक के मकान नहीं अब तक नहीं मिले। सरकार ने इन परियोजनाओं की जिम्मेदारी ली है और हम लाखों मुंबईकरों को उनके हक का अपना घर दिलाएंगे। अब तक सरकार ने 227 एसआरए परियोजनाएं शुरू की हैं। सांसद डॉ. शिंदे ने कहा कि सरकार मराठी लोगों को वापस मुंबई लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद डॉ. शिंदे ने उबाठा की आलोचना करते हुए कहा कि मुंबई में कई सालों तक राज करने वालों ने मुंबईकरों के लिए कुछ नहीं किया।

### बेमौसम बारिश और अतिवृष्टि से फसलों का हुए नुकसान के लिए 73 करोड़ की मदद

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने फरवरी से लेकर मार्च 2024 के बीच बेमौसम बारिश, अतिवृष्टि समेत अलग-अलग प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों का हुए नुकसान के लिए, लगभग 73 करोड़ 69 लाख रुपए का अनुदान मंजूर किया है। इससे आपदा प्रभावित 1 लाख 24 हजार 715 किसानों को मदद राशि मिल सकेगी। शुक्रवार को प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। इसके मुताबिक मार्च से मई 2024 के बीच बेमौसम बारिश के कारण फसलों का हुए नुकसान के लिए, 20 हजार 644 किसानों को 44 करोड़ 74 लाख 25 हजार रुपए मंजूर किया गया है। इससे चंद्रपुर, पुणे, सातारा, सांगली और सोलापुर के किसानों को मदद मिल सकेगी। जबकि जून से अगस्त 2024 के बीच विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए 23 करोड़ 72 लाख 93 हजार रुपए मंजूर किया गया है।

## एमवीए में सीट बंटवारे को लेकर मंथन

राउत बोले- लोकसभा चुनाव में शिवसेना का योगदान न भूले कांग्रेस

नितिन तोरस्कर । मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में सीट बंटवारे को लेकर मंथन शुरू हो गया है। एमवीए में शामिल दलों में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही है। शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में शिवसेना के योगदान को भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता मानते हैं कि वे गठबंधन में बड़े भाई हैं, तो शिवसेना की भूमिका को भूलना भी सही नहीं है। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें बढ़ीं क्योंकि उसने गठबंधन सहयोगी के लिए अपनी सीटें छोड़ दीं। कांग्रेस को अपनी सीटें बढ़ाने में शिवसेना (यूबीटी) के योगदान का अध्ययन करने की जरूरत है। राउत ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में कोल्हापुर, रामटेक और अमरावती सीट जीती, जो उसे शिवसेना ने दी थी। हमारी वजह से उनकी तीन सीटें बढ़ीं। अगर वे इसे भूल गए हैं तो यह उचित नहीं है।



### थोरात और पटोले का पलटवार

वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने राउत के बयान को लेकर कहा कि एमवीए में सीटों की संख्या एक-दूसरे के कारण बढ़ी है। हम एमवीए मंच पर इस पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत भरोसा है कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने राउत के दावे को खारिज करते हुए कहा कि शिवसेना नेता पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री पद का फैसला चुनाव के बाद वरिष्ठ नेता करेंगे। एमवीए आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ेगा और सीट बंटवारे को लेकर कोई असहमति नहीं है।

## आस्था पर आंच

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी; मंदिर ने जांच कमेटी बनाई

# तिरुपति के लड्डू में 'जानवरों की चर्बी', जांच करेगा FSSAI

- नड्डा ने कहा- दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- TDP का दावा-तिरुपति लड्डू में एनिमल फैट, फिश ऑयल था

मुनीष चौरसिया । अमरावती

तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलने का विवाद दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा, मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है। मंदिर के प्रसाद (लड्डू) की जांच कराई जाएगी।'



### कोर्ट पहुंचा YSR कांग्रेस

इसके खिलाफ YSR कांग्रेस ने हाईकोर्ट से नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की। कोर्ट इस पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगा।

### रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं मंदिर में

तिरुपति मंदिर के 300 साल पुराने किचन में रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। तिरुमाला ट्रस्ट हर साल प्रसादम से सालाना 500 करोड़ रुपए कमाता है।

### मंदिर प्रशासन ने चार सदस्यों की विशेष समिति बनाई

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने मंदिर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि, घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है।

### जगन मोहन रेड्डी, ठेकेदार और टीटीडी के अफसरों के खिलाफ शिकायत

सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने इस मामले में जगन मोहन रेड्डी, ठेकेदार और टीटीडी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की है। इसमें कहा कि इन्होंने प्रसादम में जानवरों की चर्बी वाला घी मिलाकर लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और सख्त कार्रवाई हो। उधर केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।



### कैसे शुरू हुआ विवाद?

यह विवाद तब शुरू हुआ जब राज्य के CM नायडू की पार्टी TDP ने बुधवार को यह आरोप लगाया कि राज्य में YSR कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम्) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन TDP ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। 18 सितंबर को आंध्र प्रदेश के CM चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि पिछले 5 साल में जगन मोहन सरकार और YSRCP के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया।

### 17 जुलाई को मिली थी लैब रिपोर्ट

लैब रिपोर्ट 17 जुलाई को मिली थी। तभी से ही यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में ना तो जारी करने वाली संस्था का नाम लिखा है और ना ही किस जगह के सैंपल की जांच की गई है, उसका जिक्र है।

# महाराष्ट्र में बीजेपी को बड़ा झटका

## ■ कांग्रेस में शामिल हुए अशोक चव्हाण के करीबी



**दोपहर संवाददाता | नांदेड़**

महाराष्ट्र के नांदेड़ से पूर्व सांसद और बीजेपी नेता अशोक चव्हाण के करीबी रिश्तेदार भास्कर पाटिल खतगावकर अपनी बहू मीनल खतगावकर के साथ बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए। महाराष्ट्र के तिलक भवन स्थित कांग्रेस दफ्तर में दोपहर तीन बजे वह नाना पटोले की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए। विधानसभा चुनाव से पहले यह बीजेपी और अशोक चव्हाण के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मिनल खतगावकर नांदेड के नायगांव से कांग्रेस की उम्मीदवार हो सकती है। खतगावकर बीजेपी सांसद अशोक चव्हाण के बहनोई हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने नांदेड़ में कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की थी।

### कौन हैं भास्कर पाटिल खतगांवकर?

भास्कर पाटिल खतगांवकर ने डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल बैंक के चेयरमैन के तौर पर राजनीति की शुरुआत की। 1990 में विधानसभा में बिलौली सीट से तीन बार विधायक रहे। 1998 में नांदेड़ से वह सांसद बने। खतगांवकर तीन बार के सांसद हैं। 2014 में वो बीजेपी में शामिल हो गए थे। 2021 में दोबारा कांग्रेस में प्रवेश हो गए। वहीं, फरवरी 2024 में अशोक चव्हाण फिर से बीजेपी में शामिल हो गए। इसके बाद वह एक बार फिर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

# रासायनिक कंपनी में बड़ा हादसा

## ■ आग लगने से 6 कर्मचारी झुलसे

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले में तारापुर औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को एक रासायनिक इकाई में आग लग जाने से छह कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि इकाई के एक हिस्से में दोपहर 12 बजे आग लग गई। कंपनी प्रबंधन



के आग लगने के बाद दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। कपंनी के कर्मचारियों ने तुरंत आग को बुझाने का प्रयास किया और इस पर काबू पा लिया।

### स्थानीय अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

मिली जानकारी के अनुसार छह श्रमिक आग में झुलस गए, जिनकी पहचान राज मौर्या (45), निशिकांत चौधरी (36), पवन देसले (32), संतोष हिंडलेकर (49), आदेश चौधरी (25) और चंदन शाह (32) के रूप में हुई है। सभी घायलों का बोइसर के तुंगा अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### आग पर काबू

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) अग्निशमन केंद्र के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही इकाई के कर्मचारियों ने आग बुझा ली थी। कंपनी में आग लगने के बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची लेकिन उससे पहले ही कंपनी के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था।

### जुलाई में भी लगी थी आग

बता दें कि इसके पहले भी ठाणे जिले में एक फार्मास्युटिकल इकाई में आग लगी थी। पालघर में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र में स्थित एक फार्मास्युटिकल इकाई में 21 जुलाई को दोपहर करीब दो बजे आग लग गई थी। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ था।

# वाशी डिवीजन में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई



**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई मनपा अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधितों द्वारा नोटिस पर ध्यान न देने के कारण अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ अतिक्रमण विभाग के माध्यम से नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे एवं डॉ. के निर्देशानुसार. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने वाशी प्रभाग में तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

# डिलिवरी बॉय निकला चोर

**दोपहर संवाददाता | डोंबिवली**

महात्मा फुले पुलिस ने दोपहिया वाहन चुराने के मामले में निजी कम्पनी के डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया है। बाइक चोरी करते समय चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। महात्मा फुले चौक पुलिस ने उसके पास से दो बाइक और एक रिक्शा जब्त किया है।



### पहले भी कारें चोरी करने का संदेह

आरोपी चोर का नाम कुणाल साबले (27) है। कुणाल एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता था। लेकिन उसका असली धंधा वाहन चुराना था। गणेशोत्सव के दौरान पुलिस सुरक्षा में व्यस्त थी, इसका फायदा उठाते हुए कुणाल ने एक दोपहिया वाहन और एक रिक्शा चोरी करने की योजना बनाई। इस मामले में जब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई तो पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इसी जांच के दौरान कल्याण पश्चिम के एक नामी होटल के सामने खड़ी बाइक चोरी करने का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लग गया और कुणाल पुलिस के जाल में फंस गया। आरोपी कुणाल पर पहले भी कारें चोरी करने का संदेह है और पुलिस महात्मा फुले चौक से जांच कर रही है।

# व्यापारी से 1.27 करोड़ रुपए की ठगी

## ■ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर




**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर के एक व्यापारी से बजरी की आपूर्ति के सौदे में कथित तौर पर 1.27 करोड़ रुपए की ठगी की गई। इस बात की जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को एक न्यूज एजेंसी को दी। एक अधिकारी ने बताया कि वर्तक नगर पुलिस ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित एक व्यापारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### अमेरिकी डॉलर में रिटर्न का किया था वादा

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी अजय कुमार मंगी ने कथित तौर पर उसे बांग्लादेश में बजरी की आपूर्ति करने के सौदे में फंसाया और अमेरिकी डॉलर में रिटर्न का वादा किया। शिकायतकर्ता ने सितंबर 2021 से नवंबर 2023 के बीच 1.27 करोड़ रुपए की बजरी की आपूर्ति की थी। हालांकि, अधिकारी ने बताया कि अनुबंध पूरा करने के बजाय मंगी ने कथित तौर पर सामग्री किसी अन्य पार्टी को बेच दी। साथ ही मंगी ने शिकायतकर्ता को भुगतान भी नहीं किया। इसको लेकर जब शिकायतकर्ता ने मंगी से जानकारी मांगी तो मंगी ने कोई जवाब नहीं दिया है। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। ऐसे में जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पति-पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**दोपहर संवाददाता | शहापुर**

नडगाव इलाके में गुरुवार को पति-पत्नी के फांसी लगाकर जान देने की घटना सामने आई है. मामला शहापुर थाने में दर्ज किया गया है. पुलिस ने प्रारंभिक अनुमान जताया है कि उसने बच्चा नहीं होने के कारण अवसाद में आकर आत्महत्या की है. आत्महत्या करने वाले दोनों के नाम हरेश भोके (28) और नीलम भोके (25) हैं। वह नडगावके बेलपाड़ा इलाके में रहते थे। उनकी शादी आठ साल पहले हुई थी। गुरुवार को उसका शव घर में फंदे से लटका मिला।

# पड़ोसी की पत्नी से उसकी बेटी के सामने किया दुष्कर्म

**दोपहर संवाददाता | भायंदर**

ठाणे में एक व्यक्ति को पड़ोसी की पत्नी से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस वारदात को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि भायंदर में आरोपी अपने पड़ोसी की पत्नी के घर में जबरन घुसकर उसे बांधकर दुष्कर्म किया था। उन्होंने



बताया कि यह अपराध देर रात पीड़िता की छोटी बेटी के सामने हुआ था।

### शिकायत दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

रिपोर्ट के मुताबिक, रात करीब 11 बजे, आरोपी जबरदस्ती पीड़िता के घर में घुस गया, महिला और उसकी तीन साल की बेटी वहां मौजूद थी। उसके बाद, उसने महिला के हाथ और पैर 'दुपट्टे' से बांध दिए और उसके साथ दुष्कर्म किया। भयंदर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, उस पर आरोपी ने हमला भी किया। 38 साल के आरोपी ने पीड़िता की बेटी के सामने यह घिनौना काम किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला ने अगले दिन इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# माता-पिता द्वारा फोन देने से मना करने पर युवती ने आत्महत्या की

**दोपहर संवाददाता | डोंबिवली**

डोंबिवली में माता-पिता द्वारा फोन देने से मना किए जाने पर 19 वर्षीय युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात देसलपाड़ा में हुई। अधिकारी ने कहा कि उसके परिजनों ने हमें बताया कि वह परेशान थी क्योंकि उन्होंने उसे मोबाइल फोन नहीं दिया था। उसने घर के कमरे में आत्महत्या कर ली।

# भिवंडी में जुलूस-ए-मोहम्मदी

## शमा-ए-रिसालत के दीवानों का जनसैलाब

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**


रज़ा एकेडमी भिवंडी शाखा के अध्यक्ष क़ुरैशी ओवैस रज़ा और उनकी टीम के सदस्य—मुहम्मद अक़रम मुहम्मद इब्राहीम मोमिन, वक़ास अहमद सगीर अहमद मलिक, मुहम्मद अज़ीम अब्दुल हमीद क़ुरैशी, एडवोकेट मनाल सगीर अंसारी, वक़ार अहमद मुहम्मद इस्माईल मोमिन, और सद्दाम इम्तियाज़ क़ुरैशी—के नेतृत्व में एक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस कोटर गेट मस्जिद से मामू-भांजा ग्राउंड तक सख्त पुलिस सुरक्षा में निकाला



गया। जुलूस का नेतृत्व हज़रत सैयद जमील अहमद जानी मियां, हज़रत सैयद अहमद शेर सवार की दरगाह के सज्जादानशीन, हज़रत मौलाना शाह मोहम्मद मनान रज़ा खान (इमाम अहमद रज़ा के नवासे) और हज़रत मौलाना मकसूद अली खान (मुंबई) ने किया।

### हजारों की संख्या में शमा-ए-रिसालत के दीवाने शरीक

आयोजकों ने नेताओं का स्वागत फूलों की माला से किया। यह जुलूस हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की पैदाइश की खुशी में निकाला गया, और दोपहर 3 :00 बजे धूमधाम और गगनभेदी नारों के साथ शुरू हुआ। हजारों की संख्या में शमा-ए-रिसालत के दीवाने इसमें शरीक हुए। उन्होंने दुआएं और कुरान की आयतें पढ़ते हुए नाज़िमपुरा से चांद तारा मस्जिद होते हुए बहार मदीना मस्जिद तक का सफर तय किया। जुलूस की शुरुआत से लेकर अंत तक भिवंडी में कई जगहों पर जलसे का आयोजन हुआ। जुलूस के पहले, एक जलसे में हज़रत मौलाना मकसूद अली खान ने तहरीर की और हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की नामूस की हिफ़ाज़त का पैग़ाम दिया।



# फिर एक ट्रक हुआ बेकाबू कई गाड़ियों को मारी टक्कर

## ■ एक ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

शहर के टाउन हॉल के पास एक ट्रक के बेकाबू होने से सड़क किनारे खड़े कई गाड़ियों को टक्कर मार दिया है। इस टक्कर से 2 ऑटो रिक्शा सहित कई मोटरसाइकिल को नुकसान पहुँचा है। साथ ही एक ऑटो चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। पुलिस इस मामले ट्रक मालिक पर मेहरबान दिखाई पड़ रही है।

### ट्रक का नियंत्रण खोने के कारण यह दुर्घटना हुई

बुधवार शाम करीब 5:45 बजे टाउन हॉल, विजय सेल्स के पास एक ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और दो ऑटो रिक्शा व मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत उल्हासनगर 3 के मध्यवर्ती अस्पताल में भर्ती किया गया। ट्रक चालक भी घायल हुआ है और उसका उपचार भी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद आसपास के लोग भी मदद के लिए पहुंचे और घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रक का नियंत्रण खोने के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने की ठाणे पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

समाजवादी पार्टी के मुंबई और महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष जनाब अबू आसिम आज़मी और पार्टी के प्रमुख नेता रियाज़ आज़मी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ठाणे पुलिस कमिश्नर अशुतोष डुंबरे (I.P.S.) से मुलाकात की। यह बैठक भीवंडी के विभिन्न इलाकों में हाल ही में हुई घटनाओं के मद्देनज़र आयोजित की गई थी, जिसमें पार्टी नेताओं ने शांति बनाए रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।



मुलाकात के दौरान, जनाब अबू आसिम आज़मी और रियाज़ आज़मी ने कमिश्नर को घटनाओं की जानकारी दी और जनता की चिंता साझा की। उन्होंने कमिश्नर से इन घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई करने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। पार्टी की ओर से अपील की गई कि प्रशासन जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए ताकि शहर में शांति और सद्भाव कायम रहे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिन्होंने शहर की सुरक्षा और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पार्टी ने जोर दिया कि भीवंडी में कोई भी अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और वह जनता के साथ खड़ी है।

# सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव संपन्न

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

कैम्प-2 शनिमंदिर परिसर स्थित फनीर्चर बाजार में श्री विश्वकर्मा भगवान जयंती के पावन पर्व पर संपूर्ण श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया था.इस मौके पर भजन कीर्तन एवं राधा कृष्ण शिव पार्वती जी की झांकी का आयोजन किया गया था। उत्तर यादव युवा संघ रजि के सदस्य हंसराज यादव के नेतृत्व इस वर्ष भी 18 सितम्बर की



शाम 6 बजे से विश्व निर्माणकर्ता, तकनीक तथा सभी मशीन एवं कल कारखानों के देवता श्री विश्वकर्मा भगवान की महापूजा व भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# विधानसभा चुनाव: बृहन्मुंबई क्षेत्र में 10 हजार 111 मतदान केंद्र

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

ग्रेटर मुंबई क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 10 हजार 111 हो गई है. लोकसभा आम चुनाव-2024 की तुलना में मतदान केंद्रों की संख्या में 218 की वृद्धि हुई है। इसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 1500 के पिछले औसत से बढ़ाकर 1200 कर दी जाएगी , इसलिए मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि हुई है और परिणामस्वरूप मतदान की मात्रा और गति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### मतदान केंद्रों को सुव्यवस्थित किया गया

चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार , जिला चुनाव रिटर्निंग अधिकारी और बृहन्मुंबई नगर निगम आयुक्त भूषण गगरानी के मार्गदर्शन में, प्रशासन आगामी विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कर रहा है। इसी तर्ज पर मतदान केंद्रों को सुव्यवस्थित किया गया है। ग्रेटर मुंबई क्षेत्र में मतदान केंद्रों को सुव्यवस्थित करते हुए मतदान केंद्रों की संख्या इस फार्मूले को ध्यान में रखते हुए तय की गई है कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की औसत संख्या 1200 तक होगी।

# कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में बैठक आयोजित

**दोपहर संवाददाता | कल्याण**

आगामी विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे के निर्देशानुसार 144-कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम-वीवीपैट मतदान जागरूकता, स्वीप-मतदान जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपाय, डुप्लीकेट मतदाता, मतदाता सूची का शुद्धिकरण-नमूना आवेदन 6, 7 एवं



8, अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र, मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं, मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति आदि विषयों पर चर्चा हुई।

### एक ही स्थान पर लगभग 7 मतदान केंद्रों की व्यवस्था

आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए एक ही स्थान पर लगभग 7 मतदान केंद्रों की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पेयजल, पंखा एवं संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। 144-कल्याण ग्रामीण विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विश्वास गुजर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों पर रैम्प एवं व्हीलचेयर की व्यवस्था की जायेगी तथा उक्त प्रतिनिधियों द्वारा उठायी गयी शंकाओं/प्रश्नों का समाधान किया गया। 144-कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मतदाता पंजीकरण अधिकारी विश्वास गुजर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद करने की अपील की।

# टीबी रोगियों को मिलेगी बीपीएएल की खुराक

## ■ डॉक्टरों का शुरू होगा प्रशिक्षण

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

देश में दवा प्रतिरोधी एमडीआर और एक्सडीआर टीबी रोगियों के बेहतर इलाज के लिए बीपीएएल का कॉम्बो पैक पेश किया जा रहा है। इस संबंध में हाल ही में एक क्लिनिकल परीक्षण अध्ययन प्रकाशित किया गया था। अध्ययन के मुताबिक टीबी के मरीजों के लिए इलाज की अवधि कम होने वाली है। अब 20 माह की जगह 6 माह ही इलाज संभव हो सकेगा। चिकित्सा विशेषज्ञ फिलहाल मुंबई के इन टीबी रोगियों के लिए बीपीएएल खुराक शुरू करने पर




ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत ने अगस्त 2021 में बीएमसी द्वारा संचालित शताब्दी अस्पताल में बीपीएएल परीक्षण किया। प्री-एक्सडीआर या एमडीआरटीआई फेफड़े के क्षयरोग वाले वयस्कों को परीक्षण में शामिल किया गया था।

### बीपीएएल में तीन दवाओं का संयोजन

बीपीएएल तीन दवाओं का एक संयोजन है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमेनिड और लाइनज़ोलिड को मिला कर दवा बनाई गई है। इसका इलाज 20 महीने की बजाय 6 महीने का है। मरीजों को यह दवा कैसे और कब दी जाए, इस पर फिलहाल बहस चल रही है। इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए मुंबई में 200 से अधिक डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। देश के अन्य शहरों की तुलना में मुंबई में टीबी के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है, इसलिए इसकी शुरुआत मुंबई से की जा सकती है। सितंबर माह के अंत तक यह प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा। मुंबई में बीपीएएल परीक्षण का नेतृत्व कर रहे डॉ. विवेक ओसवाल ने कहा कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो अक्टूबर में टीबी रोगियों को वास्तव में बीपीएएल (बिपल) की कम खुराक दी जा सकती है।

### 403 रोगियों में से 352 हुए ठीक

क्लिनिकल परीक्षण में दवा प्रतिरोधी टीबी के 403 रोगियों को शामिल किया गया था। उनमें से 352 ठीक हो गए। हालांकि, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज की जटिलता के कारण एक मरीज की मृत्यु हो गई। उपचार के बाद अनुवर्ती अवधि के दौरान 19 गंभीर प्रतिकूल घटनाएं सामने आई। 12 महीने के फॉलो-अप में 280 रोगियों में टीबी विकसित नहीं हुई। 11 मरीजों में टीबी दोबारा हो गई और 60 मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है।

### 3 समूहों के रोगियों पर दवा का परीक्षण सफल

ट्रायल स्टडी के मुताबिक, ट्रायल का पूरा अध्ययन मेडिकल जर्नल क्लिनिकल इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित किया गया है। तद्नुसार, 403 रोगियों को उनकी लाइनज़ोलिड दवा की खुराक और अवधि के आधार पर विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया था। एक समूह को 26 सप्ताह के लिए बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनाइड और 600 मिलीग्राम लाइनज़ोलिड दिया गया। दूसरे समूह को 9 सप्ताह के लिए 600 मिलीग्राम लाइनज़ोलिड और 17 सप्ताह के लिए 300 मिलीग्राम दिया गया। तीसरे समूह में रोगियों को 13 सप्ताह के लिए 600 मिलीग्राम दवा दी गई, इसके बाद 13 सप्ताह के लिए 300 मिलीग्राम दवा दी गई। अध्ययन में शामिल 352 मरीजों पर अच्छे नतीजे सामने आए।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# सीए की मौत पर हंगामे के बाद सियासत गर्माई



## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पवार ने जताई चिंता

### क्या है मामला?

बता दें, महाराष्ट्र के पुणे की ईवाई कंपनी में 26 साल की एना सेबेस्टियन पिरेयिल ने मार्च 2024 में कंपनी में काम शुरू किया था। वे केरल की रहने वाली थीं। एना की मौत 20 जुलाई को हुई थी। एना की मां अनिता ऑगस्टिन ने ईवाई के भारत प्रमुख राजीव मेमानी को पत्र लिखकर कंपनी की कार्य संस्कृति पर गंभीर आरोप लगाए थे।

### भाजपा नेता ने की थी जांच की मांग

भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर की एक पोस्ट पर मंत्री शोभा ने यह जवाब दिया था। दरअसल, शेखर ने एना की मौत को बहुत दुखद, लेकिन कई स्तरों पर परेशान करने वाला बताया था और अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया में तनावपूर्ण वातावरण के उनके परिवार के आरोपों की जांच की मांग की थी।

### पिता का दावा- बेटी से कहा था नौकरी छोड़ दे

लड़की के पिता सिबी जोसफ ने गुरुवार को कहा कि उनकी बेटी को रात साढ़े 12 बजे तक काम करना पड़ता था। हमने उसे नौकरी छोड़ने की सलाह दी थी, लेकिन उसका कहना था कि आगे बढ़ने में मदद करेगा। पिता ने आगे कहा कि उनकी बेटी ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से काम का अधिक बोझ होने की बात रखी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

दोपहर संवाददाता | मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में एक जानी मानी कंपनी अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की 26 साल की कर्मचारी की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। काम के बोझ तले युवती की जान जाने के मामले को लेकर अब सियासी गलियारों में भी हलचल मच गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने तनाव के कारण युवाओं की जान जाने पर चिंता जताई है। पुणे के प्रभारी मंत्री पवार ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वह तनाव के कारण ईवाई कर्मचारी की मौत के बारे में जानकर दुखी हैं। उन्होंने कहा कि तनाव के कारण मरने वाले युवाओं के बढ़ते मामलों पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। मुझे उम्मीद है कि अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया कंपनी सुधार लाने के लिए कोई कड़ा कदम उठाएगी।

### केंद्र का क्या रुख?

उसके बाद केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने इस मामले का संज्ञान लिया था। मंत्रालय का कहना था कि उसने शिकायत स्वीकार कर ली है। एना की मौत की परिस्थितियों की जांच की जाएगी।श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा था, 'एना की मौत से दुखी हैं। असुरक्षित और तनावपूर्ण वातावरण के आरोपों की गहन जांच चल रही है। हम न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रम मंत्रालय और मनसुख मंडाविया ने आधिकारिक तौर पर शिकायत को अपने हाथ में ले लिया है।'

### कंपनी ने क्या कहा?

अर्न्स्ट एंड यंग ने 26 साल की कर्मचारी की दुखद मौत के बाद उसकी मां के पत्र के वायरल होने के बाद बयान जारी किया था। अकाउंटिंग फर्म ने कहा था कि वे काम के माहौल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। चार बड़ी कंसल्टेंसी फर्मों में से एक ईवाई ने कहा था, 'हम इस साल जुलाई में 26 साल की एना सेबेस्टियन पिरेयिल के दुखद और असामयिक निधन से बहुत दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। हम परिवार को सभी प्रकार की सहायता दे रहे हैं तथा अपने कर्मचारियों को काम करने के लिए एक बेहतर माहौल देने के तरीके खोजेंगे।' कंपनी ने आगे कहा था, 'हालांकि कोई भी मदद परिवार को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता। फिर भी हमने हरसंभव सहायता दी है, जैसा कि हम संकट के समय में करते हैं तथा आगे भी करते रहेंगे। हम परिवार के पत्र को बहुत गंभीरता और विनम्रता से ले रहे हैं। हम सभी कर्मचारियों के कल्याण को सबसे अधिक महत्व देते हैं। भारत में ईवाई फर्म में हमारे एक लाख लोगों के लिए बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराने और उन्हें बेहतर बनाने के तरीके ढूंढते रहेंगे।'

### सोशल मीडिया पर मचा बवाल

मामले ने सोशल मीडिया पर अलग ही जंग छेड़ दी है। यूजर्स दफ्तरों में काम के माहौल को बेहतर करने की मांग कर रहे हैं। कई लोग इसे लेकर दबाव झेलने की क्षमता पर काम करने की सलाह दे रहे हैं। कई लोगों ने ईवाई जैसी कंपनियों में सुधार की मांग की है। कई लोग बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, मानवीय कार्य स्थिति और युवा पेशेवरों पर दबाव का पुनर्मूल्यांकन करने की मांग भी कर रहे हैं। एक ट्वीट में यूजर ने लिखा, 'यह कहा जाना चाहिए कि देर तक काम करने की संस्कृति और अधिक काम करने को न केवल बिग-4, बल्कि कई कॉरपोरेट्स में बढ़ाचढ़ाकर बताया जाता है। इसे आदर्श के रूप में देखने की गलत परंपरा शुरू हो गई है। क्या आपको नारायण मूर्ति का 70 घंटे का कार्य सप्ताह याद है?'

---

## पुणे की खोखली सड़क!

# बीचों-बीच हुआ इतना बड़ा गड्ढा, समा गया पूरा ट्रक




**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के साधन चौक इलाके का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि सड़क के बीचों-बीच एक बड़ा सा गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में एक पूरा का पूरा ट्रक समा गया है। जिसने भी इस वीडियो को देखा, वह हैरान रह गया कि आखिर कैसे इतना बड़ा ट्रक इस गड्ढे में समा गया। फिलहाल पुणे फायर ब्रिगेड की टीम गड्ढे के अंदर से ट्रक को निकालने का प्रयास कर रही है। ये ट्रक पुणे नगर निगम का है। घटना सिटी पोस्ट बिल्डिंग के परिसर में शुक्रवार शाम करीब 4 बचे घटी। जानकारी के मुताबकि, पुणे नगर निगम का ट्रक शाम करीब चार बजे सिटी पोस्ट बिल्डिंग इलाके में आया। यह ट्रक ड्रेनेज लाइन साफ करने के लिए बुलाया गया था, लेकिन जब ये ट्रक रिवर्स ले रहा था तो अचानक पीछे एक बड़ा सा गड्ढा हो गया। गड्ढा धीरे-धीरे गहरा हो गया है और पुणे नगर निगम का पूरा ट्रक गड्ढे में समा गया। गनीमत रही कि इस ट्रक का चालक खिड़की से बाहर कूद गया और उसकी जान बच गई।

### फायर ब्रिगेड की टीम निकाल रही ट्रक

घटना की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ट्रक को बाहर निकालने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक उसको सफलता नहीं मिल पाई है। घटना के बाद कई लोग हैरान रह गए। उन्होंने कुछ देर पहले तक जहां गड्ढा हुआ है, वहीं पर हम लोग खड़े थे, लेकिन अचानक से यहां न जाने कैसे गड्ढा हो गया।

### 30 से 40 फीट का हुआ गड्ढा

लोगों ने बताया कि ये गड्ढा करीब 30 से 40 फीट गहरा हुआ है। संबंधित ट्रक पुणे नगर निगम का है। इस घटना में ट्रक ड्राइवर बाल-बाल बच गया। उसने सीधे ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली। फायर ब्रिगेड की टीम ट्रक को रस्सी से खींचने की कोशिश कर रही थी, लेकिन ट्रक टस से मस नहीं हुआ। इस ट्रक को निकालना काफी चुनौतीपूर्ण है।

### JCB से निकाला जाएगा ट्रक

वहीं अग्निशमन अधिकारियों के मुताबिक, गड्ढा करीब 30 से 40 फीट गहरा है। अब ट्रक को निकालने के लिए JCB बुलाई गई है। JCB की मदद से ट्रक को बाहर निकाला जाएगा। आखिर यह गड्ढा अचानक कैसे हो गया? ऐसे कई सवाल अब उठ रहे हैं। इससे पहले शहर में कहीं भी ऐसा गड्ढा नहीं हुआ था।

---

# हाईकोर्ट ने झुग्गी पुनर्विकास भवनों के घटिया निर्माण पर जताई चिंता

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई में झोपड़पट्टी पुनर्विकास भवनों के निर्माण में अपनाए गए 'खराब तरीकों' पर चिंता व्यक्त की है। हाईकोर्ट ने इन निर्माण को ₹वर्टिकल स्लम₹ करार दिया है। पीठ ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार) के खिलाफ एक गंभीर मुद्दा बताया है। जस्टिस जी एस कुलकर्णी और सोमशेखर सुंदरेसन की खंडपीठ ने कहा कि ऐसी इमारतों का निर्माण घने तरीके से किया गया है। इमारतों के बीच कोई जगह नहीं है। जिससे वेंटिलेशन और सूरज की रोशनी बाधित होती है।



### वर्टिकल स्लम

इस मामले पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि, हम इन 'वर्टिकल स्लम' को पसंद नहीं करेंगे। निर्मित इमारतें बहुत भीड़भाड़ वाली हैं। न रोशनी है, न जगह है, न सूरज की रोशनी है और न ही हवा आती है। इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होंगी। वे (झुग्गीवासी) अतिक्रमण वाली जमीन पर ही बेहतर स्थिति में हैं।

### हम वेट एंड वॉच की स्थिति नहीं अपना सकते हैं: कोर्ट

शीर्ष अदालत ने इस तरह के कामकाज को लेकर चिंता जताई थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने विदेशों में सार्वजनिक आवास परियोजनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि अधिनियम के प्रावधानों का मजबूती से क्रियान्वयन होना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि शहर में प्रवासी श्रमिकों की आमद बढ़ती रहेगी और अधिकारी इंतजार की नीति नहीं अपना सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि, शहर में प्रवासी श्रमिक आते हैं। काम मौजूद है, वेतन उपलब्ध है, लेकिन उनके रहने के लिए कोई जगह नहीं है। फिर वे झुग्गियों में रहते हैं। हमें यह समझने की जरूरत है कि यह रुकेगा नहीं। यह आगे बढ़ता रहेगा।

---

## बीजेपी के नितेश राणे ने एक बार फिर दिया विवादित बयान




**मुंबई।** बीजेपी विधायक नितेश राणे एक बार फिर अपने विवादित बयानों के चलते सुर्खियों में आ गए हैं। सांगली में नितेश राणे ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। नितेश राणे ने कहा, हम कह रहे हैं कि पुलिस वालों को एक दिन के लिए मैं छुट्टी देता हूं और फिर हम अपनी ताकत दिखाते हैं। नितेश राणे ने कहा, एक दिन पुलिस को छुट्टी दे दो, हम अपनी ताकत दिखाते हैं। दरअसल, महाराष्ट्र गणेश उत्सव के दौरान पत्थरबाजी से बवाल मचा था, जिसके बाद एक बार फिर नितेश राणे ने बयान जारी किया है।एनसीपी (एसपी) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने बीजेपी नेता नितेश राणे को एक बार फिर घेरा। उन्होंने नितेश राणे के हिंदू-मुस्लिम बयान पर कहा कि इस तरह के बयान से देश में दंगे की संभावना बढ़ती है। ऐसा लगता है कि सरकार दंगे कराना चाहती है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राणे के बयान पर सरकार किस तरह की कार्रवाई करेगी, और अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई है।

---

# 'पुनर्विकास और पुनर्विकास में आसानी' पर मुंबई में प्रदर्शनी

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई में सैकड़ों पुरानी इमारतों का पुनर्विकास काफी हद तक रुका हुआ है और हजारों निवासियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मुंबई में पुनर्विकास की समस्या का समाधान खोजने के लिए, क्रेडाई-एमसीएचआई ने शनिवार को बांद्रा में जियो कन्वेक्शन सेंटर में मुंबई में पुनर्विकास और पुनर्विकास में आसानी पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया।




### हाउसिंग सोसाइटियों की सहायता के लिए प्रदर्शनी

मुंबई नगर निगम, म्हाडा, स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) डेवलपर्स के साथ मुंबई में पुनर्विकास के मुद्दे को संबोधित करने के लिए आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेंगे। पुनर्विकास प्रक्रिया को आसान और तेज़ बनाने के लिए सभी संस्थाओं को एक छत के नीचे सुविधा प्रदान करने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। पुनर्विकास प्रक्रिया में हाउसिंग सोसाइटियों की सहायता के लिए प्रदर्शनी सुबह 11.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### 700 हाउसिंग सोसाइटीज ने पंजीकरण कराया

आयोजकों ने कहा कि अब तक लगभग 700 हाउसिंग सोसाइटीज ने वहां पंजीकरण कराया है। इस प्रदर्शनी में, आवास संघ डेवलपर्स के साथ-साथ परियोजना प्रबंधन सलाहकारों के साथ बातचीत करने में सक्षम होंगे। क्रेडाई-एमसीएचआई के अध्यक्ष डोमिनिल रोमेल ने कहा कि इसका उद्देश्य मुंबई के आवास क्षेत्र और इसके पुनर्विकास के दायरे को देखते हुए प्रक्रिया को तेज करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाना है। मुंबई की जर्जर इमारतों को देखते हुए उनका पुनर्विकास जरूरी है। संस्था के सचिव धवल अजमेरा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी संचार एवं प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने में उपयोगी होगी।

---

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण
### सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-V के अंदर एम/डब्लू विभाग से **01** प्रस्ताव यानी कुल **1** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/ मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के **www.mcgm.gov.in** वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण- 741-सार्वजनिक सूचना 7 पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 30/09/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के वृक्ष अधिकारी**
पेग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
दूरभाष क्रमांक-022-23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता.**
**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण**

पीआरओ/1343/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# निशाने पर बच्चे

हाल ही के दिनों में बच्चों व महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर देशव्यापी चिंता कई मंचों से उजागर हुई है। इन अपराधों के प्रति पुलिस व एजेंसियों की संवेदनहीनता पर अदालतें गाहे-बगाहे सख्त टिप्पणियां कर चुकी हैं। कुछ समय पहले जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर गंभीर चिंता जतायी थी। साथ ही त्वरित न्याय से समाधान की बात कही थी। देश के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के वे आंकड़े विचलित करते हैं, जिसमें कहा गया था कि साल 2022 में भारत में हर घंटे में औसतन 18 बच्चे अपराधों के शिकार बने। वहीं पिछले एक दशक में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 75 फीसदी वृद्धि की बात एनसीआरबी ने स्वीकारी है। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि वर्ष 2023 में बीते वर्ष की तुलना में जहां अपराधों में कमी दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों में नौ फीसदी की वृद्धि एनसीआरबी के आंकड़ों में दर्ज की गई। यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि देश में बच्चों के खिलाफ अपराधों में क्यों लगातार वृद्धि हो रही है। विडंबना यह है कि एनसीआरबी केवल उन्हीं अपराध के आंकड़ों का उल्लेख करता है, जो थानों में दर्ज होते हैं। दरअसल, बच्चों के खिलाफ बड़ी संख्या में होने वाले अपराध अक्सर दर्ज ही नहीं होते। कानूनी जानकारी न होने और थानों व कचहरियों के चक्कर काटने से बचने के लिये अभिभावक कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज ही नहीं करवाते। कुछ मामलों को पुलिस दर्ज करने से बचती है। ऐसे में बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना सहज नहीं होगा। बहरहाल, ये बढ़ते अपराध हमारे समाज में गहरी होती संवेदनहीनता और समाज में नैतिक मूल्यों के पराभव की ओर भी इशारा करती है। दरअसल, बच्चों के खिलाफ अपराध केवल हमारे सामाजिक व्यवस्था में ही नहीं बढ़े, बल्कि इसका दायरा वर्चुअल दुनिया में भी तेजी से बढ़ा है। बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2022 में बच्चों के विरुद्ध पहले साल के मुकाबले बत्तीस फीसदी अधिक साइबर अपराध दर्ज हुए। जो निरंतर गंभीर होती स्थिति को दर्शाते हैं। हाल के दिनों में स्कूल-कालेजों में ऑनलाइन पढ़ाई का दायरा बढ़ने और मोबाइल की सहज उपलब्धता से बच्चों की इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ी है। सस्ते इंटरनेट व मोबाइल फोन ने बच्चों के लिये सोशल मीडिया व गेमिंग की दुनिया में पहुंच आसान बनायी है। लेकिन बच्चे इंटरनेट की आपराधिक दुनिया से अनभिज्ञ हैं। उन्हें इन खतरों से बचाव का प्रशिक्षण न तो स्कूल में दिया जाता है और न ही पुरानी पीढ़ी के अभिभावक दे पाए। जिसके चलते ही वे साइबर अपराधियों का आसान शिकार बनते हैं। दरअसल, कोरोना महामारी तो चली गई, लेकिन इस संकट के चलते उपजी परिस्थितियों ने बच्चों के ऑनलाइन रहने का टाइम बढ़ा दिया है। अभिभावक यदि बच्चों को अधिक मोबाइल के इस्तेमाल पर टोकते हैं तो वे स्कूल के काम का तर्क देकर गेमिंग व सोशल मीडिया की गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। यह समय का बड़ा संकट है कि बच्चे न तो अभिभावकों से संस्कार पा रहे हैं और न ही शिक्षकों से। उन्हें मोबाइल पर संस्कार वे अनाम व अज्ञात कंपनियां दे रही हैं, जिनके लिये बच्चे महज उपभोक्ता और पैसा कमाने का जरिया हैं। आज इंटरनेट के खुले और छिपे स्वरूप पर अपराधों की एक ऐसी समांतर दुनिया संचालित है, जिन्हें दुनिया की ताकतवर सरकारें भी नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं। दरअसल, अधिकांश बच्चे इस चुनौती के मुकाबले के लिये डिजिटली साक्षर नहीं हो पाए हैं। इसके लिये साइबर कानून को अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने की जरूरत है। ताकि बच्चों के खिलाफ अपराध, धोखाधड़ी व साइबर बुलिंग करने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। निश्चित रूप से आज देश के सत्ताधीशों को साइबर अपराधों से बच्चों व महिलाओं को सुरक्षित बनाने के लिये कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा।

शख्सियत | सुधा चंद्रन

## नकली पैर से कामयाबी की कहानी लिखने वाली भरतनाट्यम नर्तकी



सुधा चंद्रन एक अभिनेत्री और भरतनाट्यम नर्तकी हैं। 1981 में अपने माता-पिता के साथ मद्रास से तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु की यात्रा के दौरान एक कार दुर्घटना में उनके पैर में चोट लग गई। गैंग्रीन विकसित होने के बाद उसके माता-पिता ने उसका अंग काटने का फैसला किया। हालांकि, बाद में वह एक भरतनाट्यम नर्तक के रूप में प्रसिद्ध हुईं। तेलुगु फिल्म मयूरी, जो उनके जीवन पर आधारित है, उन्हें 1985 में 33वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार - विशेष जूरी पुरस्कार मिला।

सुधा चंद्रन का जन्म 27 सितंबर 1965 को मुंबई में हुआ था। मई 1981 में सुधा चंद्रन के साथ तमिलनाडु में एक दुर्घटना हुई, जब वह सिर्फ 16 साल की थीं, जिससे उनके पैर टूट गए। डॉक्टरों को उनका दाहिना पैर काटना पड़ा क्योंकि उस पर गैंग्रीन विकसित हो गया था। चंद्रन का यह दौर उनके जीवन का सबसे कठिन था। उसके बाद उन्हें एक कृत्रिम पैर लगाया गया। सुधा चंद्रन ने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई में सफलतापूर्वक पूरी की। सुधा चंद्रन ने अपनी उच्च शिक्षा मुंबई के मीठीबाई कॉलेज से की। उन्होंने अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री भी पूरी की। जब वह साढ़े तीन साल की थीं, तब उन्होंने नृत्य करना शुरू कर दिया था। नृत्य के प्रति उनके जुनून ने उन्हें हाई स्कूल में विज्ञान के बजाय कलात्मक अध्ययन चुनने के लिए प्रेरित किया। 1994 में, एक प्रसिद्ध नर्तकी के रूप में, सुधा चंद्रन ने रवि डांग से शादी कर ली। हादसे में एक पैर खोने के बाद वह यह सुनकर थक गई थी कि वह दोबारा नृत्य नहीं कर पाएगी, और उसे मिली अनचाही दया ने फिर से नृत्य करने के उसके संकल्प को और मजबूत कर दिया। एकता कपूर द्वारा निर्मित धारावाहिक कहीं किसी रोज़ में उन्होंने 'रमोला सिकंद' नामक किरदार निभाया जो बहुत हिट हो गया। इस सीरियल में भरकम आभूषणों और डिजाइनर बिंदियों के लिए वह जानी जाती हैं।

# कानूनी दुरुपयोग से पुरुष हितों की अनदेखी



ऋतु सारस्वत

हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने वैवाहिक विवाद की सुनवाई के दौरान इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि आईपीसी की धारा 498ए और घरेलू हिंसा अधिनियम देश में सबसे अधिक दुरुपयोग किए जाने वाले कानूनों में से एक बन गए हैं। एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कानून के दुरुपयोग की पेचीदगियों की जांच करते हुए इस बात पर अपनी चिंता व्यक्त की कि ये महिला सुरक्षा के लिए बने कानून किस प्रकार दुरुपयोग का शिकार हो रहे हैं। न्यायाधीश गवई ने कहा कि नागपुर में एक ऐसा मामला देखने को मिला जिसमें अमेरिका चले गए एक व्यक्ति को एक अधूरी शादी के लिए 50 लाख रुपये चुकाने पड़े, जबकि वे दोनों एक दिन भी साथ नहीं रहे। उन्होंने यह भी कहा कि 'खुले तौर पर घरेलू हिंसा अधिनियम और धारा 498ए सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया जाने वाले प्रावधानों में से हैं।' उनकी यह टिप्पणी उस भावना को व्यक्त करती है जो कि न केवल समाज के विभिन्न वर्गों, बल्कि देश के विभिन्न न्यायिक निकायों से भी प्रतिध्वनित हो रही है। उल्लेखनीय है कि 3 मई, 2024 को न्यायाधीश जे.वी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने 'प्रीति गुप्ता बनाम झारखंड राज्य' के मामले में कहा, 'हमने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85 और 86 पर गौर किया, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या विधानमंडल ने इस न्यायालय के सुझावों पर गंभीरता से ध्यान दिया है (इसमें) आईपीसी की धारा 498ए का शब्दशः पुनरुत्पादन के अलावा कुछ नहीं है। एकमात्र अंतर यह है कि आईपीसी की धारा 498ए का स्पष्टीकरण अब एक अलग प्रावधान, यानी भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 86 के माध्यम से है।'

शीर्ष अदालत का यह वक्तव्य उस असंतोष की अभिव्यक्ति है, जहां विधानमंडल से यह अपेक्षित था कि वह उस सिद्धांत पर अवश्य विचार करे जो यह प्रतिपादित करता है कि समाज स्थिर नहीं है और इसके सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानदंड समय के प्रवाह के साथ-साथ परिवर्तित होते रहते हैं। इसीलिए, समाज को अनुशासित एवं निर्देशित करने वाली वैधानिक नियमावली भी उसी अनुरूप परिवर्तित होनी चाहिए, अन्यथा वह अपना औचित्य खो देती है।

विगत दो दशकों में शीर्ष अदालत से लेकर देश की विभिन्न उच्च अदालतों ने इस मुद्दे को उठाया है कि महिलाओं के लिए बनाए गए सुरक्षात्मक प्रावधानों का उपयोग कभी-कभी हथियार के रूप में किया जा रहा है। परंतु इसके बावजूद इस ओर ध्यान न दिया जाना निराशाजनक तस्वीर पेश करता है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि महिलाएं आज भी भावनात्मक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित होती हैं, परंतु इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि पुरुष 'अभेद्य सुरक्षा कवच' से घिरे हुए हर प्रताड़ना से मुक्त हैं। पुरुषों की पीड़ा की बात करना निश्चित ही स्वयं को नारीवादी विरोधी के रूप में उस कठघरे में खड़ा करना है, जिसमें महिला अधिकारों के शत्रु के रूप में चिन्हित किया जाएगा और उसकी आलोचना होगी। किंचित यह भय ही विधि निर्माताओं के समक्ष उपस्थित होता होगा।

एक समाज के समावेशी विकास के लिए 'लैंगिक समानता' मूलभूत सिद्धांत है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि लैंगिक समानता का तात्पर्य अक्सर केवल स्त्री अधिकारों से जोड़ा जाता है, जिससे पुरुषों के अधिकारों की अवहेलना स्वतः ही हो जाती है। लैंगिक समानता की वास्तविक परिभाषा बिना किसी लिंग भेद के सभी की समानता को प्रतिस्थापित करना है। स्तब्ध करने वाला सत्य यह है कि स्त्री द्वारा उच्चारित हर शब्द और आरोप को शब्दशः स्वीकारने की प्रवृत्ति के चलते, बिना सत्यता परीक्षण के पुरुष को अपराधी घोषित कर दिया जाता है। जबकि दुनिया का कोई भी शोध यह सिद्ध नहीं कर पाया है कि पुरुष और स्त्री का जैविक अंतर भावनाओं के विभेद से भी जुड़ा हुआ है और न ही यह सिद्ध हुआ है कि स्त्री 'शत्रुताभाव', 'ईर्ष्या', 'द्वेष' और 'घृणा' जैसे भावों से पूर्णतया मुक्त है।

'द फॉल्स्ली एक्यूज्ड कैन नेवर गेट देयर लाइव्स बेक' किम्बर्ली जे. बेंजामीर का अध्ययन बताता है कि झूठे आरोपों का गहरा मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक आघात होता है और इसके परिणाम आजीवन परिलक्षित होते हैं, भले ही आरोपों के परिणामस्वरूप दोष सिद्ध न हुए हों। मिथ्या रूप से आरोपित किए जाने वाले व्यक्ति समाज में अपनी गरिमा और विश्वसनीयता की भावना खो सकते हैं, जिससे उनके जीवन की आशा और उद्देश्य लुप्त हो जाते हैं। वहीं मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी का शोध 'द इम्पैक्ट ऑफ़ बीइंग रोंगली एक्यूज्ड : विक्टिम वॉयसेस' झूठे आरोपों के पीड़ितों के साक्षात्कारों का दस्तावेजीकरण करता है, जो कि कानूनी रूप से निर्दोष थे। यह शोध बताता है कि झूठे आरोपों के चलते उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा, आत्मसम्मान, दोस्त और पेशेवर जिंदगी को खो दिया।

यदि पुरुषों के खिलाफ़ घरेलू हिंसा के मुद्दे की बात करें, तो यह केवल एक या एक से ज़्यादा देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया में व्याप्त है।

ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक (2022-2023), घरेलू हिंसा के 3 पीड़ितों में से एक पुरुष है। मैनकाइंड इनिशिएटिव द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, जो घरेलू हिंसा के पुरुष पीड़ितों पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक ब्रिटिश संगठन है, बताता है कि पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 25 प्रतिशत मामलों में पुरुष पीड़ित शामिल हैं।

हमें यह स्वीकार करना होगा कि लैंगिक समानता की चर्चा तब तक संभव नहीं है, जब तक पुरुषों को 'अधिकार संपन्न' मानकर उनकी अवेहलना की जाती रहेगी।

सहज योग

# तीनों नाड़ियों के बीच संतुलन होना जरूरी




पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवा मुख्य चक्र है सहस्त्रार है।

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी प्रणित सहज योग आत्मज्ञान को प्राप्त करने की अत्यंत सरल, सुलभ और सहज ध्यान पद्धति है। यह परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति से जुड़ने का सरल एवं सिद्ध मार्ग है।

अधिकतर लोग जानते हैं कि परमात्मा का वास मनुष्य के भीतर है, लेकिन बहुत कम लोगों ने इसका अनुभव किया है। परमात्मा की सर्वव्यापकता शक्ति का प्रतिबिम्ब कुंडलिनी के रूप में हर व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी के निचले छोर पर स्थित पवित्र त्रिकोणकार अस्थि में सुप्तावस्था में विद्यमान है। मनुष्य के शरीर में मुख्यतः तीन नाड़ियां होती हैं। इड़ा,पिंगला और सुषुम्ना है। इड़ा नाड़ी इच्छा शक्ति और भूतकाल से संबंधित है, जबकि पिंगला नाड़ी क्रिया शक्ति और भविष्य काल से सबंधित है। सुषुम्ना नाड़ी वर्तमान काल से संबंधित हैं। इसके अलावा सात चक्र होते हैं। पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवां मुख्य चक्र है सहस्त्रार है। सहजयोग में तीनों नाड़ियों के बीच संतुलन होना जरूरी है। नाड़ियों के संतुलन के बाद ही हमारी कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। कुंडलिनी शक्ति के जागृत होने के बाद वह सातों चक्रों का भेदन करते हुए, परम तत्व से एकाकार हो जाती है। उसके बाद हमें परमचैतन्य का अनुभव करते हैं।

इस ईश्वरीय शक्ति के जागृत होने पर मानव के सृजनात्मक व्यक्तित्व व उत्तम स्वास्थ्य का



विकास होने लगता है और उसकी अंतर्जात प्रतिभा खिल उठती है। उस पर परमात्मा की कृपा बरसने लगती है। मनुष्य तनाव रहित जीवन, निःस्वार्थ प्रेम एवं आनंद की स्थिति में स्थापित होने लगता है। **सहय योग के लाभ :** सहजयोग के नियमित अभ्यास से मनुष्य का मानसिक विकास होता है। इसके अलावा साथ ही के स्वास्थ कैंसर, ब्लड प्रेशर, हाइपर टेंशन और हृदय के रोगियों को भी लाभ होता है।

**सहज योग का महत्व :** योग करने से न केवल बीमारियों को दूर रखा जा सकता है, बल्कि मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिल सकती है। खासकर विद्यार्थियों के लिए तो योग अमृत के समान है। जो विद्यार्थी योग को अपने जीवन में नियमित रूप से शामिल करते हैं वे न केवल पढ़ाई में अव्वल आते रहते हैं, साथ ही अन्य गतिविधियों में भी उनका कोई मुकाबला नहीं रहता।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | स्टीफन एडविन किंग: जन्म- 21 सितम्बर 1947 | जन्म

स्टीफन एडविन किंग एक हॉरर, अलौकिक कथा, रहस्य, अपराध, विज्ञान-कथा और काल्पनिक उपन्यासों के अमेरिकी लेखक हैं। उनका जन्म 21 सितम्बर 1947 में हुआ है। उन्हें हॉरर के राजा, के रूप में वर्णित किया जाता है। उनकी पुस्तकों की 350 मिलियन से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं और कई को फिल्मों, टेलीविजन में रूपांतरित किया गया है। किंग ने 64 उपन्यास प्रकाशित किए हैं, जिनमें सात रिचर्ड बैचमैन के नाम से है और पांच नॉन-फिक्शन किताबें शामिल हैं।

## प्रतिभाशाली व्यक्ति को सफल व्यक्ति से अलग करती है कड़ी मेहनत

उन्होंने लगभग 200 लघु कथाएं भी लिखी हैं। 2003 में नेशनल बुक फाउंडेशन ने उन्हें अमेरिकी पत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए पदक से सम्मानित किया। 2015 में उन्हें साहित्य में उनके योगदान के लिए यू.एस. नेशनल एंडॉमेंट फॉर द आर्ट्स से कला के राष्ट्रीय पदक से सम्मानित किया गया। इसके साथ उन्हें बहुत से अन्य अवाड्र्स से सम्मानित किया गया है। जीवन एक पहिए की तरह है। जल्दी या बाद में, यह हमेशा वहीं आता है जहां आपने फिर से शुरुआत की थी। हमें लड़ना है और हमें चोट भी लगने वाली है; लेकिन हम अंत तक खड़े रहेंगे। फिक्शन झूठ के अंदर का सच है।



सबसे डरावना क्षण हमेशा आपके कुछ शुरू होने से ठीक पहले होता है। आप कर सकते हैं, आपको करना चाहिए और यदि आप शुरू करने के लिए पर्याप्त बहादुर हैं, तो आप करेंगे। आशावाद विफलता के लिए पूरी तरह से वैध प्रतिक्रिया है। निर्दोष का विश्वास झूठे का सबसे उपयोगी उपकरण है। किताबें एक विशिष्ट पोर्टेबल जादू हैं। व्यस्त रहो या व्यस्त मरो। यदि आप बालक होना पसंद करते हैं, तो वास्तव में आपके साथ कुछ गड़बड़ है। याद रखें, आशा एक अच्छी चीज है, शायद सबसे अच्छी चीज, और कोई भी अच्छी चीज कभी नहीं मरती। एक व्यक्ति जो अतीत से नहीं सीखता, वह मेरे हिसाब से मूर्ख है। सबसे महत्वपूर्ण बातें कहना सबसे कठिन है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जप करने से स्वभाव सुधरता है

दुख का कारण मनुष्य का अपना स्वभाव ही है। स्वभाव को सुधारना बड़ा कठिन काम है। तीर्थ यात्रा से, विष्णु याग करने से स्वभाव नहीं सुधरता। परमात्मा के ध्यान से, जप करने से स्वभाव सुधरता है।

अनेक जन्मो से यह जीव पाप करता आया है। पाप करने का स्वभाव भगवान के जप से, भगवान की कृपा होने से ही छूटता है। गृहस्थों को प्रचेताओं की कथा द्वारा बोध दिया गया है।

भगवान कहते हैं-तुम मेरे लिए तीन घंटे खर्च करो, मैं इक्कीस घंटे तुम्हारी देखभाल करूंगा। हे जीव! मैं तुझे पाप से रोकूंगा।

**गृहेष्वाविशतां चांपि पुंसां**
**कुशलकर्मणाम्।**
**मव्दार्तायातयामानां न बन्धाय**
**गृहा माताः।**

-भा.४-३०-१९

जो मनुष्य भगवदर्पण-बुद्धि से कर्म करता है और जिसका समय मेरी



कथा वार्ता में व्यतीत होता है, उसके लिए, गृहस्थाश्रमी होने पर भी, घर बंधन का कारण नहीं होता (वह इस संसार में नहीं फँसता और यह संसार उसे नहीं फसा पाता), अन्यथा गृहस्थ आश्रम में कामाशक्ति और अर्थाशक्ति बढ़ती है।

सभी को पूर्व के प्रारब्ध कर्मानुसार ही संतति और संपत्ति मिलती है। अतः उसका हर्ष-शोक नहीं मानना चाहिए। उसकी चिंता छोड़कर भगवान के भजन में लग जाना चाहिए।

मन के शुद्ध होने पर जानना चाहिए कि भगवान की कृपा हुई है। अन्यथा मनुष्य की वृत्ति तो अहरन की (वह लोहे का टुकड़ा, जिस पर रखकर लोहार लोहे पर घन चलाता है) चोरी और सुई का दान करने की होती है। ऐसी वृत्ति छोड़नी चाहिए और संमलोष्टाश्मकांचनम् अर्थात् मिट्टी, पत्थर और कंचन को एक समान मानने की दृष्टि प्राप्त करनी चाहिए। संतो के मन में धूल और सुवर्ण एक समान होते हैं। ऐसा ही अनासक्ति-भाव होना चाहिए। किए हुए सत्कर्मों को, पुण्यों को भूल जाओ।

पुण्य का अहंकार अच्छी बात नहीं है। इस अहंकार के गये बिना चित्तशुद्धि शक्य नहीं है। पुण्य को भूल जायें। किंतु किए हुए पापों को सदा याद रखें।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## उदारता

हजरत मुहम्मद के अनेक विरोधी थे। पर वे उन सबकी परवाह न कर निरन्तर अपना धर्मप्रचार का कार्य करते रहते थे। विरोधी उन्हें इससे विरत करने के लिये तरह-तरह के प्रयास करते थे। एक बार हजरत मुहम्मद अपने घर जा रहे थे तो उनके एक विरोधी ने ऊपर गन्दा कूड़ा-कचरा उनके सिर पर फेंक दिया। मुहम्मद साहब ने कोई विरोध नहीं किया और चुपचाप अपने रास्ते पर आगे बढ़ गये। अब उस व्यक्ति का यह नित्य का क्रम बन गया। जब भी हजरत मुहम्मद वहाँ से गुजरते, वह ऊपर से कूड़ा फेंक देता। अनेक दिनों तक ऐसा होता रहा। एक दिन सहसा इस क्रम का उल्लंघन हो गया। मुहम्मद साहब ने पड़ौसियों से पूछा 'भाई वह व्यक्ति जो मुझ पर कूड़ा डालता था आज दिखाई नहीं दे रहा।' पड़ौसियों ने बताया कि वह बहुत बीमार है। यह सुनते ही मुहम्मद साहब तुरन्त उसके घर गये, उसे दवा दिलवायी और कई दिनों तक उसकी सेवा सुश्रूषा करते रहे। मुहम्मद साहब की इस उदारता और विशाल हृदयता ने विरोधी का मन जीत लिया। उसने उनके पैरों पर गिर कर अपने दुष्कर्मों के लिये क्षमा माँगी और धर्म प्रचार में उनका सहायक बन गया।

## अंधी नक़ल बुरी है

एक दिन, एक संत अपने शिष्यों के साथ कहीं जाते हुए रास्ते में मछलियों से भरा एक तालाब देखा। वह वहीं रुक गया और मछली से अपना मुँह भरने लगा। शिष्यों ने अपने गुरु का अनुसरण किया। संत ने उनसे कुछ नहीं कहा और कुछ समय बाद आगे बढ़ गए। फिर वे दूसरे तालाब में पहुँचे, जहाँ मछलियाँ नहीं थीं। संत अपने किनारे पर खड़े हो गए और उन मछलियों को बाहर निकालना शुरू कर दिया जिन्हें उन्होंने निगल लिया था। जब शिष्यों ने यह देखा, तो वे चकित हो गए और उन्होंने मछलियों को बाहर निकालने की कोशिश भी की, लेकिन कई कोशिशों के बाद वे केवल कुछ मृत मछलियों को ही निकाल सके। इस पर, संत ने कहा, "मूर्खों, जब तुम नहीं जानते कि मछलियों को पेट में कैसे रखा जाए, तो तुमने मेरी नकल क्यों की?"

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# क्यों लंबी होती है प्लास्टिक की उम्र

कल्पना कीजिए कि आप एक खूबसूरत पार्क में हैं, झूलों पर खेल रहे हैं और पिकनिक का आनंद ले रहे हैं। आप देख सकते हैं कि कुछ प्लास्टिक की बोतलें, रैपर या बैग इधर-उधर पड़े हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े हमेशा के लिए चिपक जाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? आइए प्लास्टिक की दुनिया में गोता लगाएं और पता लगाएं कि प्लास्टिक को टूटने में इतना समय क्यों लगता है!



## प्लास्टिक के साथ समस्या

प्लास्टिक बहुत टिकाऊ होता है, जिसका मतलब है कि यह वाकई मज़बूत होता है और लंबे समय तक चल सकता है। जब आप प्लास्टिक की बोतल फेंकते हैं, तो यह खाने या कागज़ की तरह नहीं टूटती। इसके बजाय, यह सैकड़ों या हज़ारों सालों तक पर्यावरण में रहता है! ऐसा इसलिए है क्योंकि प्लास्टिक टूटने से बचने के लिए बनाया गया है। यह पदार्थों के सुपरहीरो की तरह है—मज़बूत और पराजित करना मुश्किल!

## प्लास्टिक क्या है?

प्लास्टिक रसायनों से बना एक पदार्थ है जिसे अलग-अलग आकार में ढाला जा सकता है। इसका उपयोग पानी की बोतलें, खिलौने और शॉपिंग बैग जैसी कई चीज़ें बनाने के लिए किया जाता है क्योंकि यह मज़बूत होता है और इसे कई रंगों और आकारों में बनाया जा सकता है। लेकिन प्लास्टिक के साथ एक समस्या है—एक बार जब हम इसका इस्तेमाल कर लेते हैं, तो यह जल्दी से गायब

## प्लास्टिक जल्दी क्यों नहीं टूटता?

प्लास्टिक ऐसे रसायनों से बना होता है जो बहुत मज़बूत होते हैं और टूटने के लिए प्रतिरोधी होते हैं। भोजन या कागज़ के विपरीत, जो जल्दी से सड़ सकते हैं, प्लास्टिक के पास ऐसे प्राकृतिक दुश्मन नहीं होते जो इसे तोड़ने में मदद करें। प्रकृति में, ऐसे छोटे जीव होते हैं जो सामग्री को तोड़ने में मदद करते हैं, लेकिन वे प्लास्टिक नहीं खाते। इससे प्लास्टिक ज़्यादा समय तक चलता है।

## तथ्य

क्या आप जानते हैं कि कुछ जानवर प्लास्टिक को भोजन समझ लेते हैं? पक्षी, मछलियां और कछुए गलती से प्लास्टिक खा लेते हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए बुरा है। प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करके हम जानवरों को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।

## प्लास्टिक कितने समय तक चलता है?

आइए देखें कि अलग-अलग तरह के प्लास्टिक को टूटने में कितना समय लगता है:

**प्लास्टिक की बोतलें:** इन्हें सड़ने में 450 साल तक लग सकते हैं! कल्पना करें कि अगर आप आज एक प्लास्टिक की बोतल फेंक दें, तो यह कई पीढ़ियों तक इस्तेमाल की जा सकती है।

**प्लास्टिक बैग:** इनका इस्तेमाल अक्सर किराने के सामान के लिए किया जाता है। इन्हें टूटने में लगभग 10 से 1,000 साल लगते हैं। यह बहुत बड़ी सीमा है, लेकिन इसका मतलब है कि ये बहुत लंबे समय तक चलते हैं।

**प्लास्टिक स्ट्रॉ:** ये छोटी-छोटी चीज़ें लगभग 200 साल तक चल सकती हैं। ये बहुत छोटी होती हैं, लेकिन फिर भी ये लंबे समय तक चलती हैं।

## हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं?

**हम बेहतर विकल्प चुनकर मदद कर सकते हैं:**

**प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करें:** कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करने की कोशिश करें। प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल करने के बजाय, दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें। पेय पदार्थों के लिए, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक की बोतलों के बजाय दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली बोतलों का इस्तेमाल करें।

**रीसायकल:** जब आप प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं, तो उसे ठीक से रीसायकल करना सुनिश्चित करें। रीसायकल करने से पुराने प्लास्टिक को नए उत्पादों में बदलने में मदद मिलती है, ताकि यह सिर्फ़ लैंडफिल में न पड़े।

**कूड़ा उठाएं:** अगर आपको पार्कों या सड़कों पर प्लास्टिक का कचरा दिखाई देता है, तो उसे उठाएं और ठीक से फेंक दें। इससे हमारा पर्यावरण साफ रहता है और जानवरों को सुरक्षित रहने में मदद मिलती है।

# गोपाल और देवता



एक बार की बात है, एक छोटे से गांव में गोपाल नाम का एक लड़का रहता था। गोपाल बहुत ही नेक और ईमानदार था। उसके माता-पिता गरीब थे, लेकिन गोपाल हमेशा भगवान की पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति से करता था। हर रोज़, गोपाल सुबह-सुबह उठकर अपनी छोटी सी मिट्टी की मूर्ति को धोता और उसे सुंदर फूल चढ़ाता। वह हमेशा भगवान से यही प्रार्थना करता था कि उसके माता-पिता को खुशी मिले और गांव में खुशहाली रहे। एक दिन गांव में एक बड़ा मेला लगा। मेले में भगवान की भव्य मूर्तियों की प्रदर्शनी लगी थी। गोपाल भी मेले में गया और उसने देखा कि कई लोग बड़े-बड़े और खूबसूरत भगवान की मूर्तियों को देख रहे थे। गोपाल ने सोचा, ₹अगर मेरे पास इतनी सुंदर मूर्ति होती, तो मैं भी भगवान की पूजा और अच्छे तरीके से कर सकता। उस दिन, गोपाल ने घर जाकर अपनी छोटी सी मिट्टी की मूर्ति को और भी अच्छे से सजाया और प्रार्थना की। उसने भगवान से कहा, ₹हे भगवान, मेरी भक्ति तो सच्ची है, लेकिन क्या आप मेरी पूजा को भी भव्य बना सकते हैं? रात को, जब गोपाल सो रहा था, उसे एक सपना आया। सपने में भगवान ने कहा, "गोपाल, सच्ची भक्ति से बड़ी कोई मूर्ति नहीं होती। तुम्हारी पूजा की सच्चाई और भक्ति ही सबसे महत्वपूर्ण है। जो तुमने अपने दिल से किया है, वही सबसे बड़ा है। जब गोपाल की आंखें खुलीं, तो उसने देखा कि उसकी मिट्टी की मूर्ति सोने और जवाहरात से ढकी हुई थी। भगवान ने उसकी सच्ची भक्ति को स्वीकार कर लिया था। गोपाल बहुत खुश हुआ और उसने गांव के सभी लोगों को इस चमत्कार के बारे में बताया। गांव वाले भी गोपाल की भक्ति से प्रभावित हुए और उन्होंने समझा कि भगवान की सच्ची पूजा दिल से की जाती है, न कि केवल बाहरी दिखावे से। गोपाल की भक्ति और भगवान की कृपा से गांव में खुशहाली आ गई और हर कोई भगवान की सच्ची भक्ति करने लगा। इस प्रकार, गोपाल की सच्ची भक्ति ने उसे और उसके गांव को सुख-शांति और खुशहाली दी। यह कहानी हमें सिखाती है कि सच्ची भक्ति और श्रद्धा ही सबसे बड़ी चीज होती है।

# मजेदार चुटकुले

संजू अपना लेसन याद करके नहीं आया
टीचर- अपना लेसन याद क्यों नहीं किया?
संजू- जी मैम, कल रात को जैसे ही पढ़ने बैठा, लाइट चली गई
टीचर- तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई, पर फिर से जैसे ही पढ़ने बैठा फिर चली गई
टीचर- अरे तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई थी, पर मैं फिर इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि फिर से ना चली जाए!

टीचर – तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया।
पप्पू – मैडम मैं हॉस्टल में रहता हू।
टीचर – तो?
पप्पू – मैडम मैं हॉस्टल में होम वर्क कैसे कर सकता हू??
हॉस्टल वर्क देना चाहिए था ना.
उसके बाद क्या.
दे थपड़ दे थपड़ दे थपड़

दादा – पोते से – तेरी टीचर आ रही है जा छिप जा।
पोता – पहले आप छुप जाओ, आपकी मौत के बहाने मैंने २ हफ्ते की छूटी ले रखी है

लड़की के बाप ने लड़के से पूछा बताओ
अकल बड़ी या भैंस?
लड़के ने पहले तो बहुत सोचा फिर जवाब दिया,
आपने मुझे क्या पागल समझा है क्या?
DATE OF BIRTH तो बताया ही नहीं।

बॉस ने मीटिंग में चुटकुला सुनाया
बॉस के चुटकुले पर पूरी टीम हंसने लगी, लेकिन पप्पू नहीं हंसा।
बॉस- तुम्हें मेरा चुटकुला समझ में नहीं आया क्या?
पप्पू- सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है!
पप्पू की बात सुनकर बॉस बेहोश हो गया

मरीज- ऑपरेशन सही से करियेगा।
डॉक्टर- ऐसा क्यों कहा?
मरीज- क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में थोड़ा सा ही फर्क है।
यदि आपरेशन सही से हो गया तो आप सर्जन और यदि आपका हाथ हिल गया तो फिर मेरा विसर्जन।

पप्पू बड़े दिनों से तपस्या कर रहा था।
पप्पू की लंबी तपस्या के बाद अप्सरा प्रकट होकर बोली...
अप्सरा- मैं तुम्हारी तीन इच्छाएं पूरी कर सकती हूं।
एक मैं जानती हूं, बाकी और दो बताओ।
पप्पू- पहली क्या है?
अप्सरा- की भी यही है, जल्दी ब्याह करा दो?

# प्यारी सी सुबह

## कविता

चिड़िया चहके पेड़ों पर,
फूल महकते बाग़ में,
सूरज निकला चमक-चमक,
दुनिया सजी है राग में।
तितली उड़ती रंग बिरंगी,

फूलों से मिलने आई,
बगीचे में बच्चों की टोली,
खेल-खेल में मुस्काई।
नदी बहती मस्त पवन में,
बहे संग नाव छोटी,

पेड़ों की छांव में बैठे,
देखो गायें मोटी-तगड़ी।
चंदा मामा जब आयेगा,
तारों संग झिलमिलायेगा,
प्यारी सी यह धरती अपनी,
हमको रोज़ हंसाएगा।

# बुद्धिमान सारस और चालाक केकड़ा



हरे-भरे जंगल से घिरी एक शांत झील में कवि नाम का एक बुद्धिमान बूढ़ा सारस रहता था। कवि कई सालों तक जीवित रहा था और उसने झील में कई बदलाव देखे थे। जानवर उसकी बुद्धिमत्ता और निष्पक्षता के लिए उसका सम्मान करते थे। हालाँकि, कवि को एक समस्या परेशान कर रही थी। चिंटू नाम के एक चालाक केकड़े ने दूसरे जानवरों के बीच परेशानी पैदा करने, भ्रम और कलह पैदा करने की आदत बना ली थी।

एक गर्मी के दिन, बारिश की कमी के कारण झील सूखने लगी। जानवर चिंतित थे और उन्हें पता था कि उन्हें रहने के लिए एक नई, बेहतर जगह खोजने की ज़रूरत है। कवि ने बुद्धिमान होने के नाते मदद करने का फैसला किया। उसने सभी जानवरों की एक बैठक बुलाई और सुझाव दिया कि उन्हें पास की एक बड़ी झील में चले जाना चाहिए जहां भरपूर पानी और भोजन हो।

हालाँकि, चिंटू केकड़े के पास दूसरे विचार थे। वह पुरानी झील में अपनी आरामदायक जगह खोने से डरता था और जानवरों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए उन्हें धोखा देने का फैसला किया। चिंटू कवि के पास गया और कहा, ₹ओह, बुद्धिमान सारस, मैंने एक खूबसूरत, जादुई तालाब के बारे में सुना है जो जंगल में बहुत दूर है। ऐसा कहा जाता है कि इसमें अनंत जल और भोजन है। यदि आप इस तालाब को खोज लेंगे, तो हमारी सारी परेशानियाँ दूर हो जाएंगी!"

कवि को संदेह हुआ, लेकिन उसने इस दावे की जाँच करने का फैसला किया। उसने चिंटू से कहा कि वह इस जादुई तालाब को खोजने के लिए जंगल में जाएगा। चिंटू खुश था, यह सोचकर कि कवि खो जाएगा या उसे कुछ नहीं मिलेगा।

कवि जंगल में उड़ गया और थोड़ी देर खोजने के बाद, उसे एक छिपा हुआ तालाब मिला। यह सुंदर था, जैसा कि चिंटू ने वर्णन किया था। कवि को एहसास हुआ कि चिंटू जानवरों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। वह झील पर वापस आया और एक और बैठक बुलाई।

कवि ने जानवरों से कहा, "मुझे एक नया तालाब मिल गया है, लेकिन यह हम सभी के लिए सुरक्षित रूप से जाने के लिए बहुत दूर है। हालांकि, पास में एक बड़ी झील है जो पास में ही है और जिसमें भरपूर पानी और भोजन भी है। हमें वहां जाना चाहिए।"

जानवर कवि के सुझाव से सहमत हो गए। वे नई झील की ओर जाने लगे, और वे नई जगह से खुश थे। कवि के बुद्धिमान निर्णय ने उन्हें परेशानी से बचा लिया था।

चिंटू केकड़ा, जब उसने देखा कि उसकी चाल विफल हो गई है, तो उसने छिपने और पुरानी झील में रहने की कोशिश की। लेकिन जल्द ही, झील पूरी तरह से सूख गई, और चिंटू के पास अन्य जानवरों की तरह एक नया घर खोजने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

उस दिन से, कवि का और भी अधिक सम्मान किया जाने लगा, और जानवर अपने नए घर में खुशी से रहने लगे। बुद्धिमान सारस और चालाक केकड़े की कहानी ज्ञान और ईमानदारी की कहानी बन गई, जिसने सभी को विश्वास और सच्चाई का मूल्य सिखाया।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा।

**वृष:** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बिगड़े काम बनेंगे। जल्दबाजी से हानि संभव है।

**मिथुन:** किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें।

**कर्क:** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह:** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**कन्या:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे।

**तुला:** व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**वृश्चिक:** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी।

**धनु:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है।

**मकर:** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी।

**कुंभ:** नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी।


**मीन:** रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

# कुंडली में संतान योग के बारे में जानें

लड़का हो या लड़की आज के युग मे एक बराबर है फिर भी हर इंसान यह चाहता है कि मेरे एक पुत्र भी हो जो घर चलाने में और अन्य तरह से जीवन के हर पड़ाव में मेरी सहायता करें तो इसी बारे में बात करते हैं क्या लड़का भी हो पायेगा, क्या लड़के सन्तान के योग है कुंडली में या नहीं और लड़का हो पायेगा या होगा तो कब तक आदि।




कुंडली का 5वा भाव संतान का है तो 5वे भाव स्वामी और गुरु संतान सुख के ग्रह है अब लड़के की प्राप्ति के लिए पुरूष राशियां जो कि 1,3,5,7,9,11 और पुरुष ग्रहों सुर्य, मंगल, गुरुं पुरुष ग्रह है तो शनि राहु केतु स्थिति के अनुसार पुत्र या पुत्री संतान देते है। अब कुंडली के 5वे भाव मे पुरुष राशि 1,3,5,7,9 या 11 है और इन राशियों के स्वामी कुंडली मे पुरुष राशियों में बैठे है और अगर 5वे भाव स्वामी किसी ग्रह के साथ बैठा है तो वह पुरुष ग्रहों सूर्य, गुरु, मंगल के साथ बैठा हो तब लड़का हो जाएगा, इसके अलावा अगर कोई पुरुष ग्रह जैसे की सूर्य, मंगल या गुरु बलवान होकर 5वे भाव मे बैठे है तब लड़का निश्चित ही हो जाएगा ऐसी स्थिति में लड़का संतान संबंधी ग्रहों के उपाय करने से जल्दी पुत्र संतान की प्राप्ति हो जाएगी।



प्रियंका जैन
9769994439

अब कुछ उदाहरणों से समझते है लड़के की इच्छा है तो लड़का हो पायेगा या नही और हो पायेगा तो कब है लड़के संतान होने का समय।
उदाहरण_अनुसार_मिथुन_लग्न1:- मिथुन लग्न के 5वे भाव मे तुला राशि(पुरुष राशि) स्वामी शुक्र है अब शुक्र यहां अगर किसी भी ग्रह के साथ सम्बन्ध बनाकर बैठा है तब वह पुरूष ग्रहो सूर्य या मंगल या गुरु के साथ सम्बंध में कुंडली मे है तब यहां लड़का हो जाएगा, बाकी अगर 5वे भाव में भी मंगल या गुरु सूर्य बलवान होकर बैठे है तब भी लड़का निश्चित ही हो जाएगा,अब जब 5वे भाव या 5वे भाव स्वामी की या इनसे संबंध बना रहे ग्रहों की दशाएं आएगी तब लड़का होगा। उदाहरण_अनुसार_कन्या_लग्न2:- कन्या लग्न में 5वे भाव स्वामी शनि बलवान होकर कुंडली मे बैठे हो पुरुष राशि 1,3,5,7,9 या 11राशि मे और साथ मे शनि के किसी ग्रह का सबन्ध है तब वह पुरूष ग्रह हो और 5वे भाव पर भी किसी न किसी पुरूष ग्रह का प्रभाव है तब पुत्र संतान(लड़का) हो जाएगा, अब जब 5वे भाव सम्बन्धी ग्रहो की दशाओ का समय शुरू होगा तब ही यहां पुत्र संतान प्राप्ति के रास्ते बनेंगे।
उदाहरण_अनुसार_वृश्चिक_लग्न3:- वृश्चिक लग्न 5वे भाव मे स्त्री राशि मीन(12) होती है अब 5वे भाव स्वामी गुरु मजबूत होकर लड़के संतान के कारक सूर्य या मंगल या बुध शनि से किसी पुरुष राशि(1,3,5,7,9,11)राशियों मे गुरु सम्बन्ध बनाकर बैठा है तब लड़का हो जाएगा।
लड़के प्राप्ति होने के अगर अब योग है कुंडली मे तब यहां पुत्र सन्तान प्राप्ति के उपाय,पुत्र संतान ग्रहों को मजबूत करने के उपायों से पुत्र संतान प्राप्ति के योग मजबूत करके एक अच्छे पुत्र की प्राप्ति जल्दी की जा सकती है।

**खबर संक्षेप**

## लालकुआं-आनदंविहार टर्मिनल के एसी कोच में 'गन' दिखाकर लूटपाट

**बरेली।** लालकुआं से आनंदविहार टर्मिनल जाने वाली (15059) एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच के अंदर एक युवक ने गन दिखाकर यात्रियों से लूटपाट की। इसकी जानकारी जब टीटीई को लगी तो वह भी एसी कोच में पहुंच गया। टीटीई ने लूटपाट कर रहे युवक को ललकारा तो उसने आरोपी ने उल्टा टीटीई पर गन तान दी। टीटीई जितेंद्र केसरी ने हिम्मत दिखाई और उसकी गन को छीन लिया। इसके बाद आरोपी को पकड़कर मुरादाबाद जीआरपी के हवाले कर दिया गया है। आरोपी के पास एक बैग मिला जिसमें कई एटीएम कार्ड, नशीली दवाइयां आदि बरामद हुई हैं। आरोपी प्रज्जवलित फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है। जीआरपी उससे पूछताछ कर रही है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने पड़ोसी की कर दी हत्या

गिरिडीह : गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर का एक युवक लोहे के छड़ से वार कर अपने ही पड़ोस में रह रहे एक व्यक्ति की जान ले ली। शास्त्रीनगर मुहल्ले में एक किराये के मकान पर मानसिक मानसिक रूप विक्षिप्त युवक रहता था। वह नशे का आदी था। शुक्रवार की सुबह उसने अपने पड़ोसी बच्चू रजक पर उस वक्त हमला कर किया जब वह काम करने फैक्ट्री जा रहे थे। बताया जाता है कि गिरिडीह जिले के रहने वाले बच्चु रजक कांटी के एक फैक्ट्री में काम करते थे और रोज की तरह अपने फैक्ट्री जा रहे थे। इसी क्रम में नगर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी के पास मानसिक रूप विक्षिप्त युवक ने लोहे के एक छड़ से बच्चू रजत पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## 26 साइकिलिस्टों की टोली मोतिहारी के लिए रवाना

**पूर्णिया।** पूर्णिया साइकलिंग एसोसिएशन की एक टोली शुक्रवार को मोतिहारी के लिए रवाना हुई। मोतिहारी में राज्य के सभी जिलों से साइकिलिस्टों की टोली पहुंच रही है। वहां बिहार स्टेट चैंपियनशिप के लिए सलेक्शन होना है। इन खिलाड़ियों को विदा करने से पहले एक समारोह आयोजित की गयी। इसमें पूर्णिया खेल पदाधिकारी सह वरीय उपसमाहर्ता डेजी रानी एवं अवकाश प्राप्त डीएसपी एस के सरोज समेत पूर्णिया साइकलिंग संगठन के कई बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। सभी बच्चों को माला पहना कर शुभकामना दी गई।

उपेक्षा: शिखरपाड़ा व खिलौड़ी के आदिवासी ग्रामीणों की पथरीली राहों पर घिस रही जिंदगी

# आजादी 78 साल बीतने के बाद पक्की सड़क नसीब नहीं

**एजेंसी । काठीकुंड**

पहाड़िया व आदिवासी समुदाय के उत्थान का वादा दावा कर न जाने झारखंड में अब तक कितनी सरकारें आयी और कितनी सरकारें गयी। इनकी स्थिति सुधारने, इनके हालात बदलने का ख्वाब दिखाकर कइयों ने अपना हित साधा। अपनी कामकाजी दुनिया में व्यस्त रहने वाले इन लोगों के पास इतना समय नहीं होता कि वे अपनी मूलभूत समस्याओं के लिए आवाज उठायें। नतीजतन इनकी समस्याओं के निराकरण में वर्षों बरस बीत जाते हैं। जिंदगियां खत्म हो जाती है। पर समस्याएं खत्म नहीं होती। कुछ ऐसा ही हाल है काठीकुंड प्रखंड की बड़तल्ला पंचायत स्थित शिखरपाड़ा और खिलौड़ी गांव के ग्रामीणों का। प्रखंड मुख्यालय से तकरीबन 25 किलोमीटर दूर पहाड़िया व आदिवासी बहुल इस गांव में 170 से ज्यादा परिवार निवास करते हैं। गांव चार टोलों स्कूल टोला, प्रधान टोला, मांझी टोला व पकड़ीपाड़ा में बंटा है। प्रत्येक टोला तकरीबन एक-एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दिहाड़ी मजदूरी और खेती कर ग्रामीण अपना जीवन-यापन करते हैं। इन दो गांव के ग्रामीणों को दशकों से सड़क न होने का



दंश झेलना पड़ रहा है। पहाड़ों पर बसे यहां के ग्रामीणों के लिए पक्की सड़क तो जैसे सपने के समान है। पथरीले व बेहद जोखिम भरे इन रास्तों से हर रोज ग्रामीणों को दो चार होना पड़ता है। यहां के लोगों के लिए पहाड़ों के नीचे बसे बरमसिया गांव से होकर प्रखंड मुख्यालय जाने का रास्ता 7 किलोमीटर कम पड़ता है। लेकिन रास्ता जोखिम भरा होने के कारण लोग मजबूरन 25 किलोमीटर की दूरी वाला रास्ता तय करते है। सड़क केवल आवाजाही नहीं बल्कि कई समस्याओं का कारण बनी हुई है। सड़क के अभाव में विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को निरंतर और समुचित रूप से नहीं मिल पा रहा है।

### खाट के सहारे मरीज को लाते हैं मुख्य सड़क पर

स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या आने पर लोग मरीज को खाट पर टांग कर कई किलोमीटर दूर मुख्य पथ तक ले जाते है। दिहाड़ी मजदूरी और पहाड़ी कृषि करने वाले इन ग्रामीणों का दर्द तब और ज्यादा बढ़ जाता है, जब बारिश का मौसम रहता है। एक ओर बारिश जहां कृषि के लिहाज से इनके चेहरे पर मुस्कान लाती है। वहीं एक ऐसा मंजर भी दिखाती है, जिस कारण ग्रामीणों का कई कई हफ्तों तक गांव से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। डिजिटलाइजेशन के युग में पहाड़ों पर बसे पहाड़िया और आदिवासी समुदाय बहुल इन गांव तक पक्की सड़क का न पहुंच पाना अपने आप में सवालिया निशान है। आजादी के 78 साल बीतने के बाद भी इन मूलवासियों का उपेक्षित रहना निराशाजनक है।

# भदोही विधायक को नैनी जेल और बेटे को भेजा गया वाराणसी

## नौकरानी की आत्महत्या का है मामला

**एजेंसी । भदोही**



भदोही से सपा विधायक जाहिद जमाल बेग को शुक्रवार की सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच नैनी जिला कारागार जबकि उनके बेटे जईम बेग को वाराणसी कारागार भेजा गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दोनों को जिला कारागार ज्ञानपुर से अन्यत्र भेजा गया। नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने एवं श्रम अधिनियम में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। बेटे को पुलिस ने जहां दो दिन पूर्व भदोही के मकदूमपुर से गिरफ्तार किया वहीं विधायक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था।

### यह है पूरा मामला

सपा विधायक के मलिकाना मोहल्ला स्थित आवास पर आठ सितंबर को नाबालिग नौकरानी ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग की बात सामने आई थी। 10 सितंबर को डीएम के निर्देश पर श्रम, सीडब्लयूसी, महिला कल्याण विभाग ने विधायक आवास पर छापेमारी की। जहां से एक और नाबालिग नौकरानी बरामद हुई। डीएम के निर्देश पर विधायक जाहिद बेग, पत्नी सीमा बेग और बेटे जईम बेग के खिलाफ पुलिस ने बाल श्रम, बंधुआ श्रम और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया। फरार चल रहे विधायक ने गुरुवार को एमपीएमएल कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। जिसके बाद उन्हें ज्ञानपुर स्थित जिला कारागार भेजा गया। जबकि उनके बेटे जईम बेग को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार की सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच विधायक को नैनी जेल और बेटे को वाराणसी जिला कारागार भेजा गया, हालांकि अब भी विधायक की पत्नी सीमा बेग फरार चल रही है। पुलिस उनकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश भी दी, लेकिन वह बरामद नहीं हुई। ज्ञानपुर जिला कारागार के जेलर सूबेदार यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विधायक को नैनी और उनके बेटे को वाराणसी जिला कारागार भेजा गया है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत याचिका खारिज

▸▸ दुष्कर्म के मामले में जेल में काट रहे सजा

**एजेंसी । लखनऊ**

लखनऊ। दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति को हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यह फैसला सुनाया। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस फ़ैज आलम ने यह फैसला सुनाया। प्रजापति ने मामले में सत्र अदालत से उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। साथ ही जमानत पर रिहा किए जाने की अर्जी भी दाखिल की थी। इस अर्जी पर 10 सितंबर



को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था, जिसे शुक्रवार को सुना दिया गया।

सुलतानपुर डकैती कांड

## घटना में शामिल जौनपुर का एक और बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**एजेंसी । जौनपुर**

सुलतानपुर में बीते 28 अगस्त को सर्राफा व्यवसायी के यहां हुई डकैती की घटना में में वांछित एक लाख के इनामिया आरोपी सिंगरामऊ निवासी अजय उर्फ डीएम को सुलतानपुर पुलिस ने शुक्रवार की भोर में मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। आरोपी अजय के ऊपर एक लाख का इनाम है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अजय के पास से सफेद धातु के चार किलो आभूषण, एक असलहा 315 बोर व एक असलहा 12 बोर व जिंदा व खोखा कारतूस व एक अदद मोटर साइकिल बरामद हुआ है। अजय उर्फ डीएम ग्राम लारपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर का रहने वाला है। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक मोटर साइकिल, एक तमंचा, 3700 रुपये नकद भी बरामद हुआ है।

## चार सड़क हादसों में छह घायल

**एजेंसी । भदोही**

आजमगढ़। तीन थाना क्षेत्रों में हुई चार सड़क हादसों में छह लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




### पहली घटना

बिलरियागंज थाना क्षेत्र के बिंदवल गांव निवासी हरिचंद्र (50) बृहस्पतिवार की सुबह 8.30 बजे साइकिल से काम पर जा रहे थे। जैसे ही जैगहा बिलरियागंज पहुंचे तभी पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

### दूसरी घटना

वहीं, शहर कोतवाली क्षेत्र के चंदोला गांव निवासी अरुण कुमार (17) पुत्र भोला बुधवार की शाम 3.00 बजे बाइक से सुनील (40) पुत्र खुरमुल्ली के साथ किसी काम से मुबारकपुर जा रहे थे, जैसे ही जमुड़ी मुबारकपुर पहुंचे, तभी कार से टक्कर होने से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां गंभीर रूप से घायल अरुण को भर्ती किया गया है।

### तीसरी घटना

बिलरियागंज थाना क्षेत्र के मधनापार गांव निवासी ओबैदुर रहमान (21) बुधवार की दोपहर 2.30 बजे बिलरियागंज बाजार से नाश्ता करके बाइक लेकर लकी (23) के साथ जीयनपुर रोड दुकान पर जा रहे थे। जैसे ही बाजार के बाहर निकले दूसरी बाइक से टक्कर हो गई, जिसमें दोनों घायल हो गए।

### चौथी घटना

वहीं रानी की सराय थाना क्षेत्र के जमूरपुर गांव निवासी चंद्रबली (35) बृहस्पतिवार की सुबह 9:30 बजे बाइक से दूध बांट कर घर जा रहे थे। जैसे ही कुंदनपुर पहुंचे अचानक सामने रिक्शा के आ जाने से बाइक टकरा गई। जिससे घायल हो गए। परिजन जिला अस्पताल ले आए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## उप महापौर ने लोगों को भाजपा महापरिवार का बनाया सदस्य

**एजेंसी । पूर्णिया**



भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम को और तेज करते हुए पूर्णिया नगर निगम के उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने शुक्रवार को बनभाग के समीप भूटहा मोड़ एवं उसके आस-पास जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को भाजपा महापरिवार का सदस्य बनाया।इस अभियान में उप महापौर श्रीमती गुप्ता के साथ प्रदेश भाजपा नेता अरविंद कुमार उर्फ भोला साह ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। लोगों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश हित किये गये कार्यों की जानकारी दी। विद्या मंदिर स्कूल के निदेशक रंजन कुमार,रविंद्र कुमार पाठक, बंशीधर झा का भी योगदान सराहनीय रहा। फोटो 20 पूर्णिया 8- सदस्यता अभियान में शामिल उप महापौर।

## अमित शाह ने खेला ओबीसी कार्ड

▸▸ जेएमएम-कांग्रेस पर बरसे

**एजेंसी । साहिबगंज**



झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड पहुंचे। साहिबगंज और गिरिडीह जिले में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ लालू प्रसाद यादव की पार्टी की भी जमकर आलोचना की। अमित शाह ने गिरिडीह के जमुआ स्थित झारखंडी धाम मैदान में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कार्ड खेला। अमित शाह ने कांग्रेस को ओबीसी विरोधी पार्टी करार दिया। कहा कि यह पार्टी हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। सबसे पहले इस पार्टी ने 50 साल तक काका साहेब कालेलकर की रिपोर्ट को दबाकर रखा। फिर मंडल कमीशन की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी ने लागू नहीं होने दिया। अमित शाह ने कहा कि जब मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू होने लगी, तो राजीव गांधी ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। अमित शाह ने कहा कि इस कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता नहीं दी।




## सेंसेक्स 84,694 और निफ्टी ने 25,849 का ऑलटाइम हाई बनाया

**एजेंसी । मुंबई**

मुंबई। ग्लोबल बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बाद सेंसेक्स ने 20 सितंबर को 84,694 का और निफ्टी ने 25,849 का नया ऑलटाइम हाई बनाया। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1359 अंक की तेजी के साथ 84,544 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 375 अंक की तेजी रही, यह 25,790 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 44 में तेजी और 6 में गिरावट रही।



▸▸ बाजार 1359 अंक चढ़कर बंद

▸▸ रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही

### रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.05% की तेजी रही

NSE के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.05% की तेजी रही। वहीं, ऑटो सेक्टर में 1.88%, मेटल में 1.65%, फाइनेंशियल सर्विस में 1.58% और FMCG में 1.38% की तेजी रही। केवल PSU बैंक में 0.09% की गिरावट रही।

### बाजार में तेजी के 3 प्रमुख कारण

▸▸ अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती के बाद एनालिस्ट्स का मानना है कि अगली मीटिंग में भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।

▸▸ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने पिछले कुछ दिनों की मुनाफावसूली के बाद आज इसमें खरीदारी देखी गई। BSE मिडकैप में आज 1.16% और स्मॉलकैप में 1.37% की तेजी रही।

▸▸ फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने से ग्लोबल मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी। इससे भारतीय भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी और बढ़ने की उम्मीद है।

### शेयर बाजार ने ऑलटाइम हाई बनाया था

फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद शेयर बाजार ने 19 सितंबर को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई बनाया था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 83,773 और निफ्टी ने 25,611 का लेवल छुआ। हालांकि इसके बाद बाजार नीचे आया और सेंसेक्स 236 अंक की बढ़त के साथ 83,184 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 38 अंक की तेजी रही, ये 25,415 के स्तर पर बंद हुआ। एनर्जी, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स तेजी रही।

### जापान के निक्कई में 1.53% की तेजी रही

ICICI बैंक, HDFC बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को सबसे ज्यादा चढ़ाया। जबकि, SBI, TCS, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस ने बाजार को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में आज तेजी है। जापान के निक्कई में 1.53% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.36% की तेजी रही। चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में भी 0.029% चढ़कर बंद हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़ा



**एजेंसी । मुंबई**

स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.5 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.25 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 689.24 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 603.6 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 89.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 62.9 अरब डॉलर हो गया।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे मजूबत हुआ

**एजेंसी । मुंबई**

रुपये में शुक्रवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त के साथ 83.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से निवेशकों की धारणा को बल मिला। 12 सितंबर से पिछले सात लगातार सत्रों में रुपया 44 पैसे मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एशिया के अन्य देशों के मुकाबले डॉलर के कमजोर



होने से भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। उन्होंने डॉलर सूचकांक में गिरावट का कारण निवेशकों का ध्यान उभरते बाजारों की मुद्राओं की ओर स्थानांतरित होना बताया, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने मानक ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

### भारतीय मुद्रा 11 सितंबर से सुधार की राह पर

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.63 पर खुला और कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.48 के दिन के उच्चतम स्तर और 83.63 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह 83.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे अधिक है। रुपया बृहस्पतिवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ 83.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा 11 सितंबर से सुधार की राह पर है। उस समय यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.99 पर बंद हुई थी, जो पांच अगस्त को दर्ज 84.09 के निम्नतम स्तर से थोड़ा अधिक है।

## कृषि श्रमिकों से जुड़ी खुदरा महंगाई घटी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नई दिल्ली। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में घटकर क्रमशः 5.96 प्रतिशत और 6.08 प्रतिशत रह गई। इस साल जुलाई में यह क्रमशः 6.17 प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कृषि मजदूरों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता



मूल्य सूचकांक में अगस्त, 2024 में सात-सात अंक की वृद्धि दर्ज की गई और यह क्रमशः 1297 और 1309 के स्तर पर पहुंच गए। सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल जुलाई में क्रमशः 1290 अंक और 1302 अंक पर रहे थे। श्रम मंत्रालय ने कहा कि 'अगस्त महीने के लिए सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल पर आधारित मुद्रास्फीति दर सालाना आधार पर 5.96 प्रतिशत और 6.08 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 7.12 प्रतिशत थी। जुलाई 2024 में सीपीआई-एएल 6.17 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल 6.20 प्रतिशत थी।

## पीयूष गोयल 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों (एईएम-भारत) और 12वीं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आर्थिक मंत्रियों की बैठकों (ईएएस ईएमएम) में भाग लेंगे। वाणिज्य मंत्री इन दोनों बैठकों में शामिल होने के लिए 20-21 सितंबर 2024 को वियनतियाने, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) का दौरा करेंगे।

### कई द्विपक्षीय बैठक



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि एईएम-भारत की बैठक में मंत्रीगण आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए वार्ता में प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान पीयूष गोयल दो संस्थागत बैठकों के दौरान भाग लेने वाले देशों के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसके अलावा वाणिज्य मंत्री मेजबान देश लाओ पीडीआर के मंत्री और कोरिया, मलेशिया, स्विट्जरलैंड और म्यांमार के दौरे पर आए मंत्रियों के साथ बैठकें करेंगे। गोयल आसियान महासचिव और एशिया और प्रशांत के लिए एक प्रमुख शोध संस्थान ईआरआईए के अध्यक्ष से भी मिलेंगे। इसके साथ ही वाणिज्य मंत्री लाओ पीडीआर में भारतीय प्रवासियों के साथ भी बातचीत करेंगे और भारत के साथ-साथ आसियान के एक उद्योग प्रतिनिधिमंडल से भी मिलेंगे।

## केंद्र ने 'विवाद से विश्वास 2.0' योजना की तारीख एक अक्टूबर अधिसूचित की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार 1 अक्टूबर से प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास 2.0' की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा जुलाई में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024-25 में लंबित कुछ आयकर विवादों के समाधान के लिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने जारी अधिसूचना में कहा, "केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 को लागू करने की तारीख 1 अक्टूबर, 2024 तय करती है।

## भारतीय पुरुष टीम ने ईरान को शिकस्त देकर अपना दबदबा रखा जारी, लगातार आठवीं जीत के साथ स्वर्ण का दावा किया मजबूत

# शह और मात के खेल में अर्जुन-गुकेश के दम पर भारत सब पर भारी

### नंबर गेम

- 16 अंकों के साथ पुरुष टीम ने ओपन वर्ग में एकल बढ़त बरकरार रखी है
- 7.5 अंक टूर्नामेंट में अब तक आठ मुकाबलों में अर्जुन एरिगैसी ने बनाए हैं





**एजेंसी । बुडापेस्ट**

भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के आठवें दौर में ईरान के खिलाफ 3.5-0.5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक का अपना दावा और मजबूत कर लिया है। हालांकि महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौंकाने वाली हार मिली। महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली पराजय है। नौवें दौर में भारतीय पुरुष उज्बेकिस्तान से और महिला टीम अमेरिका से भिड़ेंगी।

### पहली बार विश्व रैंकिंग में शीर्ष पांच में दो भारतीय

अपने आठ मुकाबलों में व्यक्तिगत 7.5 अंकों के साथ अर्जुन की क्लासिकल लाइव रेटिंग 2792.7 पहुंच गई है। वहीं गुकेश के भी 2784.6 रेटिंग अंक हो चुके हैं। ऐसा पहली बार है कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष पांच में दो भारतीय खिलाड़ी हैं। अर्जुन चौथे और गुकेश पांचवें नंबर पर हैं। मैग्नस कार्लसन (2836.3) पहले, फैबियानो करुआना (2803.3) दूसरे और हिकारू नाकामूरा (2802.0) तीसरे नंबर पर हैं। दिग्गज विश्वनाथन आनंद (2751.0) दसवें और प्रज्ञाननंदा (2749.3) 11वें नंबर पर हैं।

### पुरुष टीम ने कुल 16 अंकों के साथ एकल बढ़त बरकरार रखी

ओपन वर्ग में लगातार आठवीं जीत से पुरुष टीम ने कुल 16 अंकों के साथ एकल बढ़त बरकरार रखी है। मेजबान हंगरी, उज्बेकिस्तान तालिका में उससे दो अंक पीछे हैं। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से आक्रामक शुरुआत कर बर्दिया दानेश्वर को पराजित किया। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने शुरुआती टाइम कंट्रोल में ही ईरान के परम मघसूदलू को हरा दिया। आर प्रज्ञानंदा ने अमीन तबाताबेई से ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने इदानी पूया को मात देकर टीम की जीत में अंकों का इजाफा किया।

### हरिका और वैशाली हारीं

महिला वर्ग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा जब ग्रैंडमास्टर डी हरिका, आर वैशाली क्रमशः पोलैंड की एलिना काशलिंस्काया और मोनिका सोको से अपनी-अपनी बाजियां हार गईं। दिव्या देशमुख ने एलेक्जेंड्रा माल्टसेव्स्काया को हराकर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। वंतिका अग्रवाल बेहतर स्थिति में होने के बावजूद एलिक्जा स्लिविका के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रही। यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा जिससे टीम को टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम के 14 अंक है। टीम पोलैंड और कजाखस्तान के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

## हेड के तूफान में उड़ा इंग्लैंड

- 7 विकेट से जीत दर्ज की ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में
- 154 रन की नाबाद पारी खेली हेड ने जो उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है
- 25 सौ वनडे रन भी पूरे किए हेड ने। वह 66 मैचों में 2551 रन बना चुके हैं



**एजेंसी । नॉटिंघम**


ट्रेविस हेड (नाबाद 154) की तूफानी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहले वनडे में 36 गेंद शेष रहते सात विकेट से पराजित किया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने 316 रन का लक्ष्य 44 ओवर में तीन विकेट पर 317 रन बनाकर हासिल कर लिया। यह हेड के करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर और ऑस्ट्रेलिया की लगातार 13वीं जीत है।

### 10 महीने पहले भी खेली थी ऐसी पारी

ऑस्ट्रेलिया की इस जीत के नायक हेड रहे। हेड ने गुरुवार को करियर का छठा शतक जड़ने के साथ ही 34 रन देकर दो विकेट भी झटके। उन्होंने 10 महीने पहले विश्व कप फाइनल में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की जीत में 137 रनों की ऐसी ही आक्रामक पारी खेली थी। कप्तान मिशेल मार्श (10) के जल्दी आउट होने के बावजूद हेड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने 129 गेंद की अपनी पारी में 20 चौके और पांच छक्के जड़े। उन्होंने मार्नस लाबुशेन (77) के साथ चौथे विकेट के लिए 107 गेंद में 148 रन की अटूट साझेदारी का टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन ने 32-32 रन का योगदान दिया। इससे पहले इंग्लैंड की टीम 49.4 ओवर में 315 रन पर आउट हो गई। बेन डकेट ने 95, विल जैक्स ने 62 और हैरी ब्रुक ने 39 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए एडम जांपा और लाबुशेन ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

### जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

## धनुष विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने



**एजेंसी । लियोन**

भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष (55 किलो) शुक्रवार को आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने। 17 वर्षीय धनुष ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

### क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर

वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, जैसे-जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था। वियतनाम के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा भारत वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।

## श्रीलंकाई टीम में टी-20 विश्व कप के लिए रनावीरा की वापसी



**एजेंसी । कोलंबो**

श्रीलंका ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रनावीरा को कप्तान सी अट्टापट्टू की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। रनावीरा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 12 साल से अधिक का अनुभव है। उन्होंने श्रीलंका के लिए अपना पिछला मैच विश्व कप क्वालीफायर के दौरान खेला था। यूएई में स्पिन गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में टीम को उनके अनुभव से फायदा होने की उम्मीद है।

## यामागुची से पार नहीं पा सकीं मालविका

**एजेंसी । चांग्झू**

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ का चीन ओपन बैडमिंटन में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में थम गया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी जापान की चौथी वरीय और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से पार नहीं पा सकीं। 22 वर्षीय मालविका को यामागुची के हाथों सीधे गेमों में 10-21, 16-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।



विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी यामागुची के खिलाफ मालविका की यह लगातार तीसरी हार थी।उनकी हार के साथ ही इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

## चहल ने लगातार दूसरे मैच में नॉर्थम्पटनशर के लिए पांच विकेट झटके

**एजेंसी । नॉर्थम्पटन**

भारतीय लेग स्पिनर युज्वेंद्रा चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए। इससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले चाहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट



लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी 316 रन पर समेट दी। इससे नॉर्थम्पटनशर को जीत के लिए 137 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 30.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

## जैकलीन फर्नांडिस ने संगीत की दुनिया में रखा कदम


अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने संगीत की दुनिया में कदम रख दिया है। उनका पहला गाना 'स्टॉर्मराइडर' रिलीज हो गया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इस गाने के जरिए उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के सफर को प्रदर्शित किया है। जैकलीन ने 'स्टॉर्मराइडर' के जरिए गायक के रूप में संगीत की दुनिया में कदम रखा है। जैकलीन का यह गाना अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस गाने को अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट ने लिखा है।

### ये हैं जैकलीन की आगामी फिल्में

जैकलीन जल्द ही सोनू सूद के साथ फिल्म 'फतेह' में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर पहले ही सामने आ गया है। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनू निर्देशन में उतर रहे हैं। नसीरुद्दीन शाह भी इसका हिस्सा हैं। जैकलीन फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इसके अलावा वह अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' में भी नजर आएगी। कुछ समय पहले जैकलीन की 'किक 2' से जुड़ने की खबरें भी थीं।



## दुनियाभर में 'वीर-जारा' बनी 100 करोड़ी



शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की फिल्म 'वीर-जारा' को लगभग 20 साल बाद एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म ने ठीक एक सप्ताह पहले यानी 13 सितंबर को फिर से सिनेमाघरों में दस्तक दी और दर्शकों के दिलों पर राज कर लिया। अब खबर आ रही है कि 'वीर-जारा' ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इस खबर की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने दी है।

### 99 रुपये में देखें फिल्म

आज यानी 20 सितंबर को देशभर के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रीय सिनेमा दिवस का जश्न मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर आप 'वीर-जारा' को महज 99 रुपये में देख सकते हैं। बता दें कि 'वीर-जारा' 12 नवंबर, 2004 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 41.86 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है।

## 'द फैमिली मैन 3' में शामिल हुए जयदीप अहलावत

मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' और 'द फैमिली मैन 2' को काफी पसंद किया गया था। दोनों सीजन की अपार सफलता के बाद प्रशंसक पिछले काफी समय से 'द फैमिली मैन' की तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो गई है। ताजा खबर यह है कि 'द फैमिली मैन 3' की स्टार कास्ट में बॉलीवुड अभिनेता जयदीप अहलावत शामिल हो गए हैं। उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, जयदीप की एंट्री 'द फैमिली मैन 3' में हो गई है। निर्माताओं ने उनके किरदार को गुप्त रखा है। तीसरे सीजन में




उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी और उनका किरदार लोगों को शो देखने के लिए उत्साहित करेगा। राज एंड डीके टीम के साथ चल रही शूटिंग के लिए जयदीप नागालैंड में हैं, 'द फैमिली मैन 3' की शूटिंग के लिए जयदीप फिलहाल नागालैंड में हैं। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

## सैफ अली खान की फिल्म 'रेस' का आएगा चौथा भाग

सैफ अली खान और अनिल कपूर की फिल्म 'रेस' को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह फिल्म 21 मार्च, 2008 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसकी सफलता के बाद 2013 में इसका सीक्वल आया। 'रेस' फ्रैंचाइची का तीसरा भाग 15 जून, 2018 को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था। अब फिल्म के लेखक शिराज अहमद ने 'रेस' की चौथी किस्त पर मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया कि 'रेस 4' की शूटिंग जनवरी, 2025 में शुरू हो जाएगी।

### लगभग तैयार है स्क्रिप्ट

शिराज ने कहा, 'फिल्म 'रेस 4' की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। यह फिल्म साल 2025 की शुरुआत में फ्लोर पर आएगी। स्क्रिप्ट लगभग तैयार हो चुकी है। कास्टिंग भी हम तय कर चुके हैं। फिल्म 'रेस 4' के लिए हमने 'रेस 1' और 'रेस 2' की कहानी और किरदारों को आगे बढ़ाया है। हम दर्शकों को पहली दो फिल्मों की उसी दुनिया में वापस ले जाएंगे।' 'रेस' और 'रेस 2' का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था, वहीं तीसरे भाग के निर्देशन की कमान रेमो डिसूजा ने संभाली थी। 'रेस' में अनिल और सैफ के अलावा अक्षय खन्ना, बिपाशा बसु और कैटरीना कैफ जैसे सितारे नजर आए थे, वहीं इसके सीक्वल में जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण, जैकलीन फर्नांडीज और अमीषा पटेल फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हुए। 'रेस 3' में सैफ की जगह सलमान खान ने ली, लेकिन चौथे भाग में सैफ की वापस हो रही है।



## सलमान खान ने न्यूज एजेंसी को भेजा कानूनी नोटिस

सलमान खान ने समाचार प्रसारण एजेंसी एशिया न्यूज इंटरनेशनल (ANI) को कानूनी नोटिस भेजा है और उससे बिना शर्त माफी की मांग की है। मामला अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ा है। नोटिस में सलमान ने कहा कि न्यूज एजेंसी ने एक लेख प्रकाशित किया था, जिसके मुताबिक उनके घर के बाहर हुई गोलीबारी के मामले में शामिल 2 आरोपियों को D-कंपनी से धमकियों का खतरा था, क्योंकि अभिनेता के अंडरवर्ल्ड डॉन और उसके गिरोह के साथ संबंध थे।



### बातचीत में आरोपियों के वकील ने सलमान पर पर लगाए थे आरोप

कानूनी नोटिस में यह भी बताया गया कि ANI ने अमित मिश्रा नाम के एक वकील की बाइट साझा की थी, जो 2 आरोपियों विक्की गुप्ता और सागर पाल की वकालत कर रहा था। वकील ने कहा था, 'आरोपियों (विक्की गुप्ता और सागर पाल) का आरोप है कि सलमान के किसी गैंगस्टर से संबंध हैं, शायद वह आरोपी को मरवाना चाहता है। हमने इस बाबत केंद्र सरकार, महाराष्ट्र और बिहार सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए चिट्ठी लिखी है।'

### एजेंसी ने की सलमान को बदनाम करने की कोशिश

नोटिस में लिखा गया है, 'हमारे मुवक्किल (सलमान) विवादित लेख में मिश्रा द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार करते हैं और उन पर लगे ये आरोप बिल्कुल झूठे, निराधार और अपमानजनक हैं। सलमान को नुकसान पहुंचाने और उन्हें बदनाम करने के इरादे से ये आरोप लगाए गए हैं।' नोटिस के मुताबिक, अभिनेता ने सालों की कड़ी मेहनत से दर्शकों के बीच खुद को स्थापित किया है, लेकिन उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है।

न्यूज़ ब्रीफ

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने गिनाईं 100 दिन की उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा केन्द्र सरकार के पहले 100 दिनों में हासिल की गई स्वास्थ्य मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाईं। शुक्रवार को राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी 70 वर्ष के ऊपर के लोगों को शामिल कर लिया गया है। वह भी अब सालाना 5 लाख रुपये तक का इलाज करवा सकेंगे। इस योजना को अगले महीने लॉन्च किया जाएगा। इस योजना में 11.7 प्रतिशत का विस्तार हुआ है। इस योजना के तहत 12.37 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

## AAP ने केजरीवाल के लिए सरकारी आवास की मांग की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए सरकारी आवास की मांग की है। AAP के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के संयोजक होने के नाते वे इसके हकदार हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हमें इसके लिए कानूनी लड़ाई नहीं लड़नी पड़ेगी। केजरीवाल ने अपनी नैतिकता की खातिर इस्तीफा देने का फैसला किया। वे अपने आधिकारिक आवास से बाहर चले जाएंगे। उनके पास कोई संपत्ति नहीं है।

## पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान मोर्टार बम ब्लास्ट

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजकर 35 मिनट पर हादसा हो गया। युद्धाभ्यास के दौरान एक मोर्टार बम अचानक फट गया, जिसकी वजह से सीमा सुरक्षा बल (BSF) के चार जवान घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सभी घायलों को पोकरण हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी और पोकरण पुलिस अस्पताल हॉस्पिटल पहुंचे। घायल जवानों के नाम उदय, सुविमल, अभिषेक और राहुल कुमार बताए जा रहे हैं। उदय और अभिषेक की हालत थोड़ी गंभीर है, जबकि सुविल और राहुल ठीक है। पोकरण अस्पताल में करीब डेढ़ घंटा इलाज के बाद एहतियातन चारों जवानों को जोधपुर रेफर कर दिया गया। जवानों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## बड़गाम में बीएसएफ की बस खाई में गिरी



**बड़गाम।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम में शुक्रवार को BSF जवानों की बस खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हुए हैं। 52 सीटर बस में कुल 35 जवान सवार थे। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है। ये बस सात बसों के काफिले में शामिल थी।

# 'छाती पर लात मारा, फिर इंस्पेक्टर ने उतार दी पैंट'

- आर्मी ऑफिसर की मंगेतर से ओडिशा पुलिस की दरिंदगी
- भुवनेश्वर के 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में एक आर्मी ऑफिसर से मारपीट और उनकी मंगेतर से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला आर्मी ऑफिसर के साथ रोड रेज की शिकायत दर्ज करवाने पुलिस थाने गई थी। थाने में पुलिसकर्मियों ने उनसे पहले बदसलूकी की, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और हाथ-पैर बांध दिए।







### पुरुष अधिकारी ने अंडरगार्मेंट उतारे

पीड़ित के मुताबिक, एक पुरुष अधिकारी ने उनके अंडरगार्मेंट उतारे। फिर छाती पर लातें मारीं। थाने में जब इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं।

### 5 पुलिस अधिकारियों को किया गया सस्पेंड

घटना 15 सितंबर की है। पुलिस ने पीड़ित को बदतमीजी के आरोप में गिरफ्तार किया था। 19 सितंबर को हाईकोर्ट से जमानत के बाद उनका भुवनेश्वर AIIMS में इलाज कराया गया, जिसके बाद उन्होंने ये खुलासा किया। पीड़ित के आरोपों के बाद DG वाईबी खुरानिया के निर्देश पर गुरुवार को चांदका थाने में शिकायत दर्ज की गई। उन्होंने क्राइम ब्रांच को जांच के आदेश दिए, जिसके बाद भरतपुर के इस्पेक्टर इंचार्ज समेत 5 पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड किया गया।

### पीड़ित के पुलिसकर्मियों पर 5 गंभीर आरोप

- 15 सितंबर को रात 1 बजे मैं अपना रेस्टोरेंट बंद करके आर्मी ऑफिसर के साथ घर लौट रही थी। रास्ते में कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की और छेड़छाड़ करने लगे। पुलिस से शिकायत करने और मदद मांगने के लिए वे भरतपुर थाने पहुंचे।
- भरतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की तो वहां सिविल ड्रेस में मौजूद एक महिला पुलिसकर्मी उनसे गाली-गलौज करने लगी। थोड़ी देर एक पेट्रोलिंग गाड़ी से कुछ और पुलिसकर्मी थाने पहुंचे। उन्होंने आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया।
- जब मैंने कहा कि वे आर्मी ऑफिसर को हिरासत में नहीं रख सकते, यह गैरकानूनी है, तो दो महिला पुलिसकर्मियों ने मेरे बाल पकड़ लिए जोर-जोर से मारने लगीं। एक महिला पुलिसकर्मी ने मेरी गर्दन पकड़ने की कोशिश की तो मैंने उसके हाथ पर काट लिया।
- इसके बाद उन्होंने मेरी जैकेट से मेरे हाथ बांध दिए। एक लेडी कॉन्स्टेबल के स्कार्फ से मेरे पैर बांध दिए। थोड़ी देर बाद एक मेल ऑफिसर आया। उसने मेरे अंडरगार्मेंट उतार दिए और छाती पर लातें मारने लगा।
- सुबह करीब 6 बजे इंस्पेक्टर-इन-चार्ज आया। उसने मेरी पैंट नीचे कर दी। फिर अपनी पैंट नीचे की और प्राइवेट पार्ट दिखाकर अश्लील बातें की। मैं इस दौरान मदद के लिए जोर-जोर से चिल्ला रही थी।

### महिला आयोग ने संज्ञान लिया

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले को लेकर संज्ञान लिया है। आयोग ने ओडिशा के DGP को एक पत्र लिखकर 3 दिनों के अंदर एक्शन रिपोर्ट मांगी है। साथ ही कहा कि मामले की तत्काल कार्रवाई की जाए। इसमें देरी न हो।

### मेडिकल जांच में पीड़ित के साथ शारीरिक उत्पीड़न की पुष्टि

पीड़ित महिला का फिलहाल AIIMS-भुवनेश्वर में इलाज चल रहा है। मेडिकल जांच में उसके साथ शारीरिक उत्पीड़न की पुष्टि हुई है। डॉयरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस वाईबी खुरानिया ने क्राइम ब्रांच को मामले की जांच सौंपी है।

# SC का यूट्यूब चैनल हैक

- US बेस्ड क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा देने वाले वीडियो लाइव हुए
- यूट्यूब ने बंद किया चैनल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार (20 सितंबर) को हैक हो गया है। शीर्ष अदालत के यूट्यूब चैनल पर US बेस्ड क्रिप्टोकरेंसी XRP को बढ़ावा देने वाले वीडियो दिखाई दे रहा था, जिसे रिपल लैब्स ने डेवलप किया है। हैक किए गए चैनल पर ₹ब्रैड गार्लिंगहाउसः रिपल ने SEC के $2 बिलियन जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी! XRP मूल्य भविष्यवाणी₹ शीर्षक वाला एक खाली वीडियो लाइव था। इससे पहले हैकर्स ने चैनल का नाम बदला और पहले की सुनवाई के वीडियो प्राइवेट किए। अब कम्युनिटी गाइडलाइन वायलेंस के कारण चैनल को यूट्यूब ने हटा दिया है। इस चैनल पर शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के सामने आने वाले मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई को लाइव स्ट्रीम किया जाता है। हाल ही में आरजी कर मेडिकल कॉलेज, रेप और हत्या के मामले की सुनवाई को लाइव स्ट्रीम किया गया था।



### सुप्रीम कोर्ट की IT टीम ने NIC से मदद मांगी

सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि वास्तव में क्या हुआ है। लेकिन ऐसा लगता है कि चैनल से छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आधिकारिक यूट्यूब चैनल में समस्या के बारे में शुक्रवार सुबह पता चला और सुप्रीम कोर्ट की IT टीम ने इसे ठीक करने के लिए नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) से मदद मांगी है। रिपल ने खुद अपने CEO ब्रैड गारलिंगहाउस का फर्जी अकाउंट बनाने से हैकर्स को रोकने में विफल रहने के लिए यूट्यूब पर मुकदमा दायर किया है।

# जजों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

## केंद्र को फटकार लगाते हुए देरी का कारण बताने का दिया निर्देश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार, 20 सितंबर को केंद्र सरकार से उन उम्मीदवारों की लिस्ट देने को कहा, जिनके नाम हाई कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की ओर से पुनर्विचार के बाद भेजे गए थे, लेकिन जिन्हें अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। पारंपरिक तौर पर, जब कॉलेजियम किसी नाम को दोबारा सिफारिश करता है तो सरकार को उसे स्वीकार करना होता है। कॉलेजियम में सुप्रीम कोर्ट के पांच मोस्ट सीनियर जज होते हैं, जिनमें चीफ जस्टिस भी शामिल होते हैं। सबसे पहले जानते हैं कि कॉलेजियम है क्या? यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और ट्रांसफर की प्रक्रिया है, जो न तो संसद के किसी कानून से स्थापित की गई है और न ही संविधान के किसी प्रावधान से, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के जरिए ये अस्तित्व में आया है।



### सरकार को स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश

चीफ जस्टिस डी वाई। चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि दोबारा सिफारिश किए गए नामों को लेकर क्या कठिनाई है। एक चार्ट दीजिए, जिसमें यह दिखाएं कि कितने नामों पर अब तक कार्रवाई (नियुक्ति की दिशा में) हुई है।


### नियुक्ति में देरी पर प्रशांत भूषण की आपत्ति

प्रशांतभूषण ने कहा कि एक नियम होना चाहिए कि अगर सरकार किसी सिफारिश को एक निश्चित समय सीमा तक मंजूरी नहीं देती है तो वह सिफारिश स्वीकृत मानी जाएगी। इसके जवाब में चीफ जस्टिस ने अटॉर्नी जनरल आर। वेंकटरमणि से उन लंबित नामों की सूची मांगी, जो पुनर्विचार के बाद भी केंद्र सरकार के पास अटकी हुई हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें उन नामों की स्थिति बताएं और यह बताएं कि कठिनाई क्या है। देखिए, कॉलेजियम कोई खोज समिति नहीं है। अगर यह सिर्फ एक खोज समिति की तरह होता तो आपके पास विवेकाधिकार होता। हमारा मकसद किसी पुरानी गलतियों को उजागर करना नहीं है, बल्कि आगे बढ़ना है।

### झारखंड सरकार की अवमानना याचिका

ये याचिका अधिवक्ता हर्ष विभोर सिंघल की ओर से दायर की गई थी। इस याचिका में कॉलेजियम की ओर सिफारिश किए गए जजों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी करने के लिए एक निश्चित समय सीमा की मांग की गई है। एक अन्य मामले में, झारखंड सरकार ने भी केंद्र के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है।

# एलएलबी की पढ़ाई कर रहे अंतिम वर्ष के छात्रों को 'सुप्रीम' राहत



**नई दिल्ली।** एलएलबी की पढ़ाई कर रहे अंतिम वर्ष के छात्रों को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। शीर्ष अदालत ने भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) को वकील के रूप में पंजीकृत होने के लिए होने वाली योग्यता परीक्षा यानी अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) में शामिल होने की अनुमति देने का आदेश दिया है।

### क्या कहा कोर्ट ने ?

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ अपने फैसले में कहा है कि अंतिम वर्ष के एलएलबी छात्रों को 'असहाय नहीं छोड़ा जा सकता है। पीठ ने कहा कि यदि अंतिम वर्ष के छात्रों को इस साल एआईबीई में बैठने की अनुमति नहीं दी गई तो उनका एक साल बर्बाद हो जाएगा। पीठ ने इस मुद्दे पर 2023 के पांच जजों के संविधान पीठ के फैसले के अनुसरण में बीसीआई द्वारा एआईबीई के लिए नियम नहीं बनाने पर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 10 फरवरी को बीसीआई की एआईबीई आयोजित करने की शक्ति की पुष्टि की थी। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम सेमेस्टर के विधि छात्रों को पात्रता का उचित प्रमाण पेश करने पर अखिल भारतीय बार परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने के लिए न्यायमित्र के सुझाव को भी स्वीकार कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय के निलय राय सहित एलएलबी के 9 छात्रों की ओर से दाखिल याचिका पर विचार करते हुए बीसीआई को अंतिम वर्ष के छात्रों के को बार परीक्षा में शामिल होने देने का आदेश दिया है। इस साल 24 नवंबर को परीक्षा होगी। आवेदन करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है।

# प्रधानमंत्री के बजाय नड्डा का जवाबी पत्र खरगे का अपमान : प्रियंका गांधी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पत्र का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के प्रमुख जेपी नड्डा के जरिये भिजवाना 82 वर्षीय खरगे का अपमान है। नड्डा ने पिछले दिनों खरगे की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र का गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखकर जवाब दिया था। उसमें दावा किया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को महिमामंडित करना खरगे की मजबूरी है। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में मांग की थी कि प्रधानमंत्री को राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित बयान देने वाले नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### पलटवार: कुछ लोग सोचते हैं कि वे देश में सबसे ऊपर : रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह संसदीय परंपराओं और मानदंडों को नहीं समझती हैं। मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हैं और हम उनका सम्मान करते हैं। जेपी नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। क्या कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष भाजपा अध्यक्ष से ऊपर है? मल्लिकार्जुन राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता हैं! क्या विपक्ष का नेता सदन के नेता से ऊपर है? मैं केवल इसलिए जवाब दे रहा हूं क्योंकि कुछ लोग सोचते हैं कि वे देश में सभी से ऊपर हैं, और कांग्रेस पार्टी में कोई और मायने नहीं रखता।

# विंस्टन चर्चिल का चोरी हुआ चित्र दो साल बाद इटली से बरामद



**एजेंसी । रोम**

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का कनाडा के एक होटल से चोरी हुआ चित्र 'द रोरिंग लॉयन दो साल की तलाश के बाद इटली में मिला जिसे गुरुवार को कनाडा की राजदूत को सौंप दिया गया। कनाडा और इटली के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। इटली की अर्द्धसैन्य पुलिस ने चर्चिल की यह तस्वीर रोम स्थित कनाडाई दूतावास में आयोजित एक समारोह में कनाडा की राजदूत एलिसा गोल्डबर्ग को सौंप दी।

### पूरा मामला समझें

ओटावा के फोटोग्राफर यूसुफ कर्श ने 1941 में चर्चिल की यह तस्वीर खींची थी, लेकिन इसे ओटावा के 'फेयरमोंट शैटो लॉरियर होटल से चुरा लिया गया था। कनाडा पुलिस ने बताया कि तस्वीर 2021 में क्रिसमस और छह जनवरी 2022 के बीच किसी समय होटल से चुरा ली गई थी और उसकी जगह एक नकली चित्र लगा दिया गया था। पुलिस ने ओंटारियो के पोवासन से 43 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उस पर चित्र चुराने एवं इसकी तस्करी करने का आरोप लगाया है।

**कार्रवाई** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बनता जा रहा ये गठजोड़

# खालिस्तान-गैंगस्टर गठजोड़ मामले में एनआईए का पंजाब में छापा

- 04 जगहों पर छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज जब्त किए
- पंजाब के बिलासपुर में कुलवंत सिंह के यहां भी छापेमारी हुई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पंजाब में खालिस्तानी समर्थकों और गैंगस्टर से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पंजाब में चार जगहों पर छापा मारा है। छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज, उपकरण और अन्य सामग्री जब्त किए जाने का दावा किया गया है। खालिस्तान-गैंगस्टर गठजोड़ मामले में एनआईए ने पिछले साल अपने मुख्यालय में शिकायत दर्ज की थी। उस समय एजेंसी ने पंजाब समेत देश के अन्य हिस्सों में देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर केस दर्ज किया था। छापेमारी पंजाब के मोगा स्थित बिलासपुर में रहने वाले कुलवंत सिंह के यहां भी हो रही है। खालिस्तान से जुड़े पिछले कुछ मामलों में कुलवंत सिंह का नाम भी सामने आया है।






### लगातार जारी है छापेमारी

पंजाब में खालिस्तानी समर्थकों और गैंगस्टरों से जुड़े मामलों में एनआईए लगातार छापेमारी कर रही है। कुछ दिन पहले खालिस्तानी समर्थक द्वारा कनाडा के ओटावा में भारतीय हाई कमीशन पर हुए हमले के मामले में पंजाब के कई जगहों पर रेड हुई थी। इस मामले में पंजाब के खंडूर साहिब से निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह का साला अमर जोत सिंह आरोपी है।

### पहले तीस ठिकानों पर छापा

इसी साल 12 मार्च को एनआईए की टीम ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ के 30 ठिकानों पर छापा मारा था। पंजाब में खालिस्तानी समर्थकों और गैंगस्टरों की बढ़ते गठजोड़ से राज्य में आपराधिक और देशद्रोही गतिविधियां बढ़ रही हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। एनआईए देश में संगठित अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों की कुंडली खंगालने की तैयारी में है। एजेंसी गैंगस्टरों का डाटाबेस बनाने की तैयारी में हैं जो जेल में बैठकर अपने गुर्गों की मदद से आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए एनआईए ने हाल ही में दिल्ली, पंजाब और हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है। अपराधियों पर लगाम के लिए एजेंसी कई और कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। जानकारों का कहना है कि एनआईए अपराधियों पर नकेल के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेगी। इसमें वे अपराधियों से जुड़ी हर जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करेगी जिससे आम लोगों के बीच इनके तंत्र का खुलासा हो सके।

# सील में फैला रेबीज वायरस का प्रकोप



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने सील में रेबीज के प्रकोप की पहचान की है। माना जा रहा है कि यह पहली बार है जब समुद्री स्तनधारियों में यह वायरस फैला है। अधिकारियों ने दो लोकप्रिय केप टाउन बंदरगाहों पर कम संख्या में सील का टीकाकरण शुरू कर दिया है, जहा उन्हें एक आकर्षण माना जाता है राज्य के पशु चिकित्सक डॉ. लेस्ली वैन हेल्डेन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी और दक्षिणी तट पर विभिन्न स्थानों पर मृत या मार दी गई कम से कम 24 केप फर सील में रेबीज पाया गया। रेबीज, जो स्तनधारियों को प्रभावित करता है और लोगों को भी हो सकता है, लक्षण दिखने के बाद लगभग हमेशा घातक होता है। रेबीज लार के माध्यम से फैलता है, आमतौर पर काटने से लेकिन कभी-कभी जानवरों के एक-दूसरे को चाटने और साफ करने से भी।

### 1980 के दशक में मिला था पहला मामला

वैन हेल्डेन और अन्य विशेषज्ञों ने कहा, यह वायरस लंबे समय से जंगली जानवरों जैसे रैकून, कोयोट, लोमड़ी, सियार और घरेलू कुत्तों में देखा जाता रहा है। लेकिन इसे समुद्री स्तनधारियों में फैलते हुए कभी दर्ज नहीं किया गया था। समुद्री स्तनपायी में रेबीज का एकमात्र अन्य ज्ञात मामला 1980 के दशक की शुरुआत में नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह में एक रिंग्ड सील में था। शोधकर्ताओं ने कहा कि उस सील को संभवत: एक पागल आर्कटिक लोमड़ी ने संक्रमित किया था।